आज का पंचांग
दिनांक - 4 मई 2024 | दिन - शनिवार
शक संवत - 1946 क्रोधी
विक्रम संवत - 2081 | मास - वैशाख | पक्ष - कृष्ण पक्ष
तिथि - एकादशी - 08:38 PM तक फिर द्वादशी
नक्षत्र - पूर्व भाद्रपद - 10:07 PM तक फिर उत्तर भाद्रपद
अभिजित मुहूर्त - 12:10 PM से 01:01 PM
राहु काल - 09:22 AM से 10:59 AM
यमघण्ट - 03:24 से 04:18 PM तक
दिशाशूल - पूर्व | आज का व्रत - वरुथिनी एकादशी
पं लेखराज शर्मा ज्योतिषाचार्य
श्री गुफा मंदिर धाम भोपाल

दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
वर्ष 53/ अंक 264/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

शुभ शनिवार


श्री शनिदेव और श्री हनुमान के आशीर्वाद से आपका हर काम सफल हो !

भोपाल, शनिवार 04 मई 2024 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

सांध्यप्रकाश विशेष

## गृह मंत्री अमित शाह, हैदराबाद से भाजपा कैंडिडेट माधवी लता के खिलाफ एफआईआर

### चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने का आरोप




**हैदराबाद।** देश में चुनावी प्रचार जोरो-शोरो पर है। इसी बीच तेलंगाना के हैदराबाद से एक बड़ी खबर सामने आई है कि हैदराबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी की हैदराबाद उम्मीदवार माधवी लता, राज्य पार्टी प्रमुख जी किशन रेड्डी, पार्टी नेता राजा सिंह और टी यमन सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पार्टी के सभी नेताओं पर चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने का आरोप है। इन सभी नेताओं को चुनाव प्रचार के दौरान कुछ लड़कियों के साथ देखा गया था, जिनके हाथों में अब की बार, 400 पार का नारा लिखा हुआ पोस्टर था। उनके खिलाफ मोगलपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## पश्चिम बंगाल पुलिस ने किया जांच समिति का गठन

### राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ होगी कार्यवाही



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने किया जांच समिति का गठन, राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ होगी कार्यवाही छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए हेयर स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना को बेहद परेशान करने वाला करार दिया और दावा किया कि वही राज्यपाल जिन्होंने संदेशखाली पहुंचने में बहुत तत्परता दिखाई थी, अब उन पर राजभवन में एक महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ का आरोप है।

कांग्रेस को बड़ा झटका

## इंदौर के बाद अब पूरी की कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने लौटाया टिकट

**भुवनेश्वर।** देश में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। इसके साथ ही सियासी उठा पठक का दौर भी जारी है। सूरत, इंदौर अब पूरी में भी कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनावी मैदान से अपना टिकिट वापस ले लिया है। कांग्रेस की पूरी लोकसभा उमीदवार सुचरिता मोहंती ने यह कहते हुए पार्टी का टिकिट लौटा दिया है कि संसदीय क्षेत्र में उनका अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है। क्योकि पार्टी ने उन्हें धन देने से मना कर दिया है।



**वेणुगोपाल को लिखे पत्र में सुचरिता ने कहा-** एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में सुचरिता ने कहा, पुरी क्षेत्र में हमारा अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने मुझे फंड देने से इनकार कर दिया है। एआईसीसी प्रभारी डॉ अजॉय ने स्पष्ट रूप से मुझसे अपने आप का बचाव करने के लिए कहा है।

उन्होंने आगे कहा, मैं एक वेतनभोगी पेशेवर पत्रकार थी, जिसने 10 साल पहले चुनावी राजनीति में प्रवेश किया था। मैंने पुरी में अपने अभियान में अपना सब कुछ झोंक दिया है। मैंने प्रगतिशील राजनीति के लिए अपने अभियान का समर्थन करने के लिए एक सार्वजनिक दान अभियान की कोशिश की, लेकिन अब तक इसमें कोई खास सफलता नहीं मिली है। मैंने अनुमानित खर्च को न्यूनतम करने का भी प्रयास किया। चूंकि मैं अपने दम पर धन नहीं जुटा सकी, इसलिए मैंने आपके और हमारी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के सभी दरवाजे खटखटाए, और उनसे पुरी संसद सीट पर एक प्रभावशाली अभियान के लिए आवश्यक पार्टी फंड देने का आग्रह कियाज्यह स्पष्ट है कि केवल फंड की कमी हमें पुरी में विजयी अभियान से रोक रही है।

पलामू में पीएम मोदी ने कहा-

# कांग्रेस-झामुमो जनता की जायदाद हड़पने की कोशिश कर रहे

**पलामू।** तीसरे चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड में लोकसभा चुनाव प्रचार करने पहुंचे। झारखंड के पलामू में प्रचार के दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। रैली में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि भाजपा और झारखंड का दिल का रिश्ता है। उन्होंने कांग्रेस और राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जनता की जायदाद को हड़पने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीएम मोदी ने कहा कि वह राज्य में रोजगार को बढ़ाना चाहते हैं।

पलामू में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वोट के महत्व पर बात की। उन्होंने बताया कि 500 साल में जो नहीं हुआ, जनता के एक वोट से वो कार्य पूरा हुआ। आज आयोध्या में राम मंदिर बन गया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आप सभी अपने एक वोट के महत्व को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के



लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लगी थी। आपने 2014 में अपने एक वोट से कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था। आपके एक वोट ने भाजपा-एनडीए की सरकार बनाई।

### 500 साल से हमारी कितनी ही पीढ़ियां संघर्ष करती रही

पीएम मोदी ने आगे कहा, आपके इस एक वोट की ताकत से आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। 500 साल से हमारी कितनी ही पीढ़ियां संघर्ष करती रही, इंतजार करती रही, लाखों लोग शहीद हुए, 500 साल लंबा संघर्ष चला। शायद इतिहास में इतना लंबा संघर्ष कहीं नहीं हुआ, जो अयोध्या में हुआ।

पीएम मोदी ने कहा, आपके एक वोट की ताकत से जम्मू कश्मीर में धारा 370 की दीवार को जमीन में गाड़ दिया गया। हमारे झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश में, पशुपति से लेकर तिरुपति तक नक्सलवाद, आतंकवाद फैला कर यहां की धरती को लहूलुहान कर देता था। आपके एक वोट ने कितनी ही माताओं की आस पूरी की और इस धरती को नक्सलवादी आतंकवाद से मुक्ति दिला दी।




## लाड़ली बहनों के लिए पैसे की कोई कमी नहीं: मोहन यादव

**अटेर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भिंड लोकसभा के अंतर्गत अटेर और गोहद में जनसभाओं को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी संध्या राय के समर्थन में आयोजित इन सभाओं में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, करती है। ये लोग कहते हैं कि अब लाडली बहना योजना बंद हुई, अब बंद हुई। इनके पास और कोई काम ही नहीं है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि भाजपा की सरकार के रहते लाडली बहना योजना कभी बंद नहीं होगी। सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है।



श्री यादव ने कहा कि चंबल ग्वालियर में हम फिर इतिहास दोहराएंगे और सभी सीटों पर भाजपा को जिताएंगे। आपका आशीर्वाद चाहिए। जना हमारे साथ है, तो हमें किसी की बद्दुआ नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि बीस सालों के दोरान तमाम उपलब्धियां हमारे खाते में आई हैं, लेकिन यहां मामला रुकेगा नहीं। मोदी जी की गारंटियां हमारे साथ हैं। हमने जो घोषणाएं की हैं, उन्हें पूरा करेंगे।

## योगी बोले- इंदौर से कमल खिलने की शुरुआत, पूरे देश में खिलेगा

### सिंधिया ने कहा- 2020 में सरकार बदलकर ठीक किया कि नहीं

**अशोकनगर।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गुना-शिवपुरी सीट से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। अशोकनगर में सभा में हुए योगी ने कहा, 2014 के पहले आतंकी विस्फोट होते थे, आज पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है। उन्होंने कहा, यूपी में राम लला का मंदिर बना और वहां के माफिया भी राम नाम सत्य की यात्रा पर चले गए।



योगी ने कहा कि एमपी में सभी 29 सीटों पर कमल खिलने वाला है। आपने खजुराहो देख लिया है, इंदौर से तो इसकी शुरुआत हो चुकी है। सभा में सिंधिया ने कहा, आज किसानों को हर साल 6 हजार रुपए मिल रहे हैं। हमने 2020 में सरकार नहीं बदली होती तो ये मिल रहे होते क्या। बताओ सरकार बदलकर ठीक किया कि नहीं। योगी शहर की एचडीएफसी चौराहे से लगभग 1 किलोमीटर लंबा रोड शो करने वाले थे। अंतिम समय में रोड शो को कैसिंल किया गया।

योगी ने कहा कि यूपी के लोगों से मैं बोलता हूं- आपने जो संकल्प लिया कैसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा- मोदी जी और भाजपा की सरकार ने यूपी में राम लला को विराजमान कर दिया। उत्तर प्रदेश की सरकार को जब मौका मिला राम लला का मंदिर भी बना और वहां के माफिया भी राम नाम सत्य की यात्रा पर चले गए। ये दोनों काम बीजेपी की सरकार ही कर सकती है।

### चुनावी भागदौड़ के बीच दिखा मुख्यमंत्री मोहन यादव का एक अलग अंदाज...



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की इलेक्ट्रिक व्हीकल की सवारी। पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा बने सीएम के सारथी।

## गुजरात में प्रियंका गांधी ने कहा- मोदी मेरे भाई को शहजादा बोलते हैं, जबकि खुद महलों में बैठे हैं

**बनासकांठा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को गुजरात के बनासकांठा के लाखणी में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी को शहजादा कहने के बयानों पर पीएम पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, वे मेरे भाई को शहजादा कहते हैं। जबकि, मोदी खुद शहंशाह बनकर महलों में बैठे हैं।

प्रियंका ने कहा- यही शहजादा देश की बहनों, किसानों और मजदूरों की समस्याएं जानने के लिए 4 हजार किमी पैदल चल चुका है। मोदी को देखिए, उनका चेहरा देखिए, बिल्कुल साफ। साफ-सुथरे कपड़े और एक बाल तक इधर से उधर नहीं होता। वे आपकी समस्याएं कैसे समझेंगे?



### कोविड के टीके पर मोदी की फोटो थी

भाजपा हमें बदनाम करती है और आज खुद दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई है। 60 हजार करोड़ में अपने दफ्तर बनवाए हैं। कोविड के टीके पर मिले सर्टिफिकेट पर मोदी जी की फोटो थी, मोदी जी जिस कंपनी को कोविड के टीके बनाने का लाइसेंस दिया उससे पार्टी ने चंदा लिया, आज इसी टीके के साइड इफेक्ट की रिपोर्ट आ रही है। जवान लोग खड़े-खड़े मर रहे हैं।



राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत शनिवार को उज्जैन दौरे पर हैं। वे उज्जैन-आलोट लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी महेश परमार के लिए प्रचार करेंगे। भोपाल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उनका स्वागत किया। यहां से गहलोत उज्जैन के लिए रवाना हुए। गहलोत उज्जैन में महाकाल मंदिर में दर्शन करने के बाद माली समाज की धर्मशाला में माली समाज के लोगों से मुलाकात करेंगे।

### 2015 बैच की आईएएस अधिकारी बनी उप सचिव पर्यटन

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में 2015 बैच की आईएएस अधिकारी ललीथांबिगाई को केंद्र सरकार ने पर्यटन मंत्रालय में उप सचिव नियुक्त किया है। उन्हें केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत केंद्र सरकार ने 4 वर्षों के लिए प्रतिनियुक्ति पर लिया है।

## फिर आग की चपेट में पर्यटन नगरी नैनीताल

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में वनाग्नि के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। धारी के मटियाल, पदमपुरी और नैनीताल के खुर्पाताल, देवीधुरा के जंगल में आग से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है।



मटियाल के गोविंद गुणवंत ने बताया कि पदमपुरी में आग से बांज, चीड़, देवदार के पेड़ जल गए। मुक्तेश्वर, रामगढ़ और धानाचूली के जंगल में लगी आग को वन विभाग और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा लिया। वहीं बेतालघाट के कोसी रेंज के जंगल में लगी आग शुक्रवार दोपहर बाद बारगल के जंगल में फैल गई। जंगल में लगी आग देर शाम तक नहीं बुझ पाई थी।

डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि खुर्पाताल में आग बुझाने के लिए दो रेंज की टीम को जुटी रहीं। फॉरेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के 28 प्रशिक्षुओं ने भी सहयोग किया। वहीं, भीमताल, बेतालघाट, रामगढ़, मुक्तेश्वर और धानाचूली के जंगल जलने से फैली धुंध के कारण स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल-रेवन्ना और बेटे प्रज्वल को दूसरा लुकआउट नोटिस

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में कर्नाटक सरकार के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दूसरा लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। मामले की जांच कर रही टीम प्रज्वल के घर पहुंची है।



गृह मंत्री गंगाधरैया ने कहा कि एचडी रेवन्ना और प्रज्वल के पास जवाब देने के लिए आज शाम तक का वक्त है।

पहला लुकआउट नोटिस 2 मई को जारी किया गया था। 30 अप्रैल को स्ढ्ढञ्ज ने भी प्रज्वल को नोटिस भेजा था। जिसके बाद प्रज्वल ने सोशल मीडिया पर लिखा था- मैं बेंगलुरु में नहीं हूं, इसलिए मैंने अपने वकील के माध्यम से ष्टढ्ढष्ठ बेंगलुरु को सूचित कर दिया है।

इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सेक्स स्कैंडल मामले में कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि मैं आपसे (सिद्धारमैया) पीड़ितों को हर संभव सहायता देने का अनुरोध करता हूं। जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार सभी पक्षों को सजा दी जाए।

## अग्रकुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन महाराज की द्वितीय महाआरती

**भोपाल।** भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज और कुलदेवी माँ लक्ष्मी जी के आशीर्वाद से श्री श्री 1008 महाराजाधिराज भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज की द्वितीय महाआरती का आयोजन रविवार, 5 मई 2024 को सायं- 6 बजे स्थान- महाराज श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष, आईटीसी पार्क, कमला पार्क, भोपाल में किया जा रहा है। समस्त अग्रबंधुओं से निवेदन है कि सपरिवार महाआरती में शामिल होकर भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज जी का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ अर्जित करें। नोट- इस बार कोलार अग्रवाल समाज द्वारा महाआरती की जजमानी की जा रही है।

## तमिल संगम भोपाल द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**भोपाल** तमिल संगम भोपाल द्वारा भोपाल लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हेतु अभियान चलाया गया जिसमें सुचारू रूप से गोविंदपुरा हाट बाजार भेल भोपाल एवं शहीद भगत सिंह मार्केट गोविंदपुरा में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर, नारे स्लोगन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को उनके मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरुक कर शत प्रतिशत मतदान के लिए अपील की गई जैसे आज भोपाल स्वच्छता के मामले में भारतवर्ष में दूसरे नंबर पर है वैसे ही भोपाल के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान कर भारत में मतदान में नंबर 01 हो इसमें प्रमुख रूप से एम रवि अधिवक्ता एवं संरक्षक तमिल संगम, सुब्रमण्यम सचिव तमिल संगम , डॉ सुरेश कुमार शिक्षाविद, अरुण सिंह, मुथुवेल, मनी ,कार्तिक, प्रमोद अधिवक्ता, लक्ष्मी, अनीता, धनुकुडी, कस्तूरी, गांधीमदी, वेंकटेश, मुकेश स्वामी, पोन्नुस्वामी, रंजीत, द्वारिका , अमन आदि लोग उपस्थित थे

## समूह की महिलाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत बैरसिया द्वारा स्व- सहायता समूह की दीदियों के द्वारा विभिन्न मार्गो से जागरूकता रैली निकाली गई, इसमें नारे लगाए गए समूह की महिलाओं ने ठाना है मतदान अधिक करवाना है। रैली में जिला पंचायत भोपाल से जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. रेखा पांडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिलीप जैन, ब्लॉक प्रबंधक रामबाबू साहू, सहायक विकास खंड प्रबंधक गिरजेश बोयत, रेखा रघुवंशी, अलका मुक्ति, रेखा रघुवंशी, सचिव ब्रजेश भदोरिया आदि उपस्थित रहे।

## पांचवीं आठवीं की पुन: परीक्षा 3 जून

**भोपाल ।** कक्षा पांचवीं और आठवीं में जो भी बच्चे एक या कई विषयों में फेल हो गए हैं , वह पुन-परीक्षा देकर इसे पास कर सकते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने पांचवीं और आठवीं की परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

## पत्रकारिता विश्वविद्यालय की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आज

**भोपाल/ग्वालियर ।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय द्वारा ग्वालियर के होटल रॉयल इन सिटी सेंटर में शनिवार को एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है । इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाली संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के डायरेक्टर भाग लेंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता विवि. के कुलपति प्रो. ( डॉ. ) के.जी.सुरेश करेंगे। एएसआई विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में ग्वालियर संभाग के अशोक नगर, दतिया, गुना, शिवपुरी जिले एवं चंबल संभाग के भिंड, मुरैना, श्योपुर जिले के संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के निदेशक भाग लेंगे। कार्यशाला में निदेशकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एआईसीटीई, यूजीसी, प्रवेश और परीक्षा नियम इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला के बाद दोपहर 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, जिसमें कुलपति प्रो.सुरेश पत्रकारों को संबोधित करेंगे।

## आ रही है मतदान की घड़ी , जागरूकता के लिये जोड़े कड़ी : सारिका



**भोपाल ।** राजधानी मे मंगलवार 7 मई को मतदान के लिये मतदाताओं को जागरूक करने एवं ईवीएम तथा वीवीपेट की कार्यप्रणाली को समझाने स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने नवमतदाताओ के लिये वर्किंग मॉडल की मदद से वीवीपेट तथा ईवीएम साक्षरता का कार्यक्रम किया । सारिका ने बताया कि जैसे ही आप ईवीएम पर अपने पसंद के प्रत्याशी की नीली बटन दबायेगे इसके साथ ही ईवीएम के बगल में रखी वीवीपेट मे बनी कांच की खिड़की मे लाईट के साथ लगभग 7 सेकंड तक एक पर्ची दिखाई देगी जिसमें उस प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह होगा जिसे आपने वोट दिया है । यह पर्ची मशीन के अंदर ही कट कर एक सील बंद बॉक्स मे गिर जायेगी , बाहर नहीं निकलेगी । इसे अपनी आंखों से देख कर आप पूरी तरह सही मतदान से संतुष्ट हो सकेंगे । इसके साथ ही मशीन से एक लंबी बीप की आवाज सुनाई देगी जो इस बात की पुष्टि होगी कि आपका वोट मशीन में दर्ज हो चुका है । इस पूरी कार्यप्रणाली को एक वर्किंग मॉडल की मदद से नवमतदाताओ ने करके देखा । सारिका ने बताया कि पिछले चुनावों में कम साक्षर जिलो मे मतदान का प्रतिशत अधिक देखा गया है । आप तो मतदान करें ही साथ ही अपने रिश्तेदारों एवं परिचितों को भी करे प्रेरित । इससे शिक्षित होने के साथ जागरूक होने का भी परिचय दें ।

## एशिया पैसिफिक यूथ सिम्पोजियम में छात्राओं की भागीदारी



संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट की छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय संस्थान यूनिसेफ के सहयोग से चतुर्थ एशिया पैसिफिक यूथ सिम्पोजियम में भागीदारी की। इस विशेष आयोजन में संस्थान की शिक्षिका डॉ. शालू पांडे के मार्गदर्शन में छात्राओं ने अपनी उपलब्धियों को साझा किया। इस कार्यक्रम में भारत ही नहीं, बल्कि फिलीपीन्स, नेपाल जैसी जगहों से भी छात्रों ने हिस्सा लिया। अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए संस्थान की छात्राओं ने अपने अनुभवों को बताते हुए कहा कि उन्हें इस प्रयास से जुड़ने से बहुत सीखने को मिला। उन्होंने ग्रीन स्किल्स एवं ग्रीन जॉब से सम्बंधित चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। सभी प्रतिभागी देशों के पैनेलिस्ट ने इस अभियान में अपने प्रयासों को भी साझा किया। छात्राओं ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से ग्रीन स्किल्स एवं ग्रीन जॉब में स्थानीय सरकार, स्थानीय युवा संगठन, शैक्षणिक संस्थाओं एवं यूनाइटेड नेशंस जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका को दर्शाया। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हीरो ज्ञानचंदानी जी, डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर एवं सभी शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई दी।

## सिया कल्चरल सोशल वेलफेयर ने आयोजित की नाट्य कार्यशाला

### बच्चे सीखेंगे नाटक कला की बारीकिया



शहर की कटारा हिल्स,कस्तूरी रॉयल पार्क,में ÷सिया कल्चराल,सोशल,वेलफेयर सोसायटी÷द्वारा 20 दिवासिये ग्रीष्म कालीन नाट्य कार्य शाला शिविर का आयोजित किया जा रहा है इसमें संस्था के गायक गायिका तथा संगीत के वादय यंत्रों को बजाने की कला के माहिर प्रशिक्षकों और नाटक की बुनियादी जरुरी बातें सिखाने वाले संस्था के वरिष्ठ गुरु श्री हरिशंकर विश्वकमा,रोज़ाना सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शिविर में बालक बालिकाओं को, नाटक को करते समय अभिनय श्वांस का आरोह अवरोह,उसके नियंत्रण और चेहरे के भाव,मुद्राओं,डायलॉग डिलेवरी की जरुरत और बारीकियों को सीखाया व समझाया जाएगा। संगीत में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को गायिक रवितन्या तोमर,गायन और इसमें नियमित अभ्यास,खान पान में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में समझाइश देंगी। वादन के माध्यम से तबला,हारमोनियम आदि बजाना सीखाया जाएगा। नाट्य मंचन की ज़रुरी जानकारी नाट्य कला मे स्नात्कोत्तर,शिवांगी सिंह भदौरिया,के मार्गदर्शन मैं होगी। नाटक की बारीकियों के बारे में श्री सतीश कुशवाह भी सहायक के रूप मे नाट्य कार्य शाला का संचालन करेंगे। इसके अलावा व्यक्तित्व विकास के साथ साथ आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए सभी सरल उदाहरण को,सिखाने,समझाने का ज़िम्मा मोटीवेशन गुर,कवि,श्री विक्रम शर्मा जी के मार्गदर्शन मैं होगा। कार्य शाला के समापन पर सभी प्रितिभागी नाट्य प्रस्तुति करेंग ।

## पुरुषोत्तम साहू बने एकल अंचल के अध्यक्ष



छिंदवाड़ा - विगत 3 मई को स्थानीय बालाजी प्लाजा परिसर में एकल अभियान संभाग महाकौशल के अंचल छिंदवाड़ा की नवीन अंचल कार्यकारिणी का सपथ ग्रहण एवं सम्मान कार्यक्रम मां सरस्वती की पूजन अर्चन पश्चात सम्पन्न हुआ । सपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एकल अभियान के केन्द्रीय अभियान प्रचार प्रमुख श्री संजय मालवीय की उपस्थिति रही एवं विभाग सेवा प्रमुख श्री विनोद विश्वकर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, एकल अभियान के मार्गदर्शक के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी श्री गोविन्द चौरसिया की उपस्थिति रही जिन्होंने नवीन कार्यकारिणी को सपथ दिलाकर शुभकामनाएं देते हुए पुष्पगुच्छ से सभी का स्वागत किया । नवीन कार्यकारिणी अनुसार संरक्षक पद हेतु श्री लाल दास, श्री नवनीत व्यास , संरक्षक संस्कार शिक्षा हेतु श्रीमति शशिप्रभा अग्रवाल , अध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम साहू, संस्कार शिक्षा अध्यक्ष सह सचिव श्री राजकुमार सूर्यवंशी को मनोनीत किया गया ।

ज्ञातव्य होवे कि राष्ट्रीय गांधी शांति पुरस्कार प्राप्त एकल अभियान पूरे देश में एक लाख एकल विद्यालय व लगभग सत्तर हजार संस्कार केन्द्र संचालित करता है तथा अंचल छिंदवाड़ा के ग्रामीण एवं वन्य क्षेत्रों में 360 एकल विद्यालय एवं संस्कार केन्द्र संचालित करता है अंचल के इन विद्यालयों का संचालन उपरोक्त समिति द्वारा किया जाता है जिसमें संच एवं ग्राम समितियों का भी उल्लेखनीय योगदान है। इस अवसर पर एकल अभियान से जुड़े अंचल समिति के सम्मानित सदस्यों एवं अंचल सेवा व्रतियों की उपस्थिति रही जिसमें , विनोद तिवारी, हरिप्रसाद साहू, जितेंद्र शाह, आलोक जैन, डॉ दशरथ साहू ,शिव मोहन सूर्यवंशी, नीरज भारद्वाज, राहुल कुमार वसूले, मेरसिंह चौधरी, वंदना विश्वकर्मा, श्रद्धा जैन, जगदीश यादव, राजकुमार सूर्यवंशी, डॉक्टर जी एस भरद्वाज, शंकर विमले, सहित केन्द्रीय अर्थ विभाग टोली सदस्य प्रदीप साहू , छिंदवाड़ा अंचल अभियान प्रमुख राजकुमार बट्टी, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख संतराम ,अंचल कार्यालय प्रमुख अंकित परतेती , अंचल व्यास खेमचंद साहू, मनोज सोनी सहित सभी संच प्रमुख व संच व्यास की उपस्थिति रही।

## नवजात शिशु में चयापचय विकारों और हीमोग्लोबिनोपैथी जांच में जागरूकता के लिए प्रशिक्षण आयोजित

भोपाल। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह के अथक प्रयासों से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एम्स भोपाल को दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए उत्कृष्टता केंद्र घोषित किया है। सिकल सेल रोग / थैलेसीमिया भी एक दुर्लभ बीमारी है। इस बीमारी की रोकथाम के लिए बचपन से ही जाँच होना आवश्यक है ताकि समय पर इलाज आरंभ हो सके। देश के कुल आदिवासिओ की सबसे बड़ी जनसंख्या मध्य प्रदेश में है और यह बीमारी आदिवासिओ में बहुत ज्यादा फैली हुई है। इसी सिलसिले में ÷ नवजात शिशुओं में आम चयापचय संबंधी विकार और सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया और अन्य हीमोग्लोबिनोपैथी की जांच के लिए प्रयोगशाला सुविधाओं की स्थापना ÷ नामक एक परियोजना एम्स भोळ में चलाई जा रही है। एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (रक्त कोशिका) के सहयोग से राज्य सिकल सेल मिशन के तहत नवजात शिशु में चयापचय संबंधी विकारों और हीमोग्लोबिनोपैथी की जांच के बारे में जागरूकता के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सभी 49 जिलों में स्वास्थ्य देखभाल स्टाफ (चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ) को नवजात शिशु की हीमोग्लोबिनोपैथी (सिकल सेल) और चयापचय संबंधी विकारों की जांच शुरू करने के लिए दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को नमूनों के संग्रह के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना था। नवजात शिशु की जांच के लिए. इसमें नवजात शिशु की स्क्रीनिंग और नमूना संग्रह की पद्धति शामिल थी। यह सत्र प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। इसमें विभिन्न पहलू जिनमें नवजात शिशु स्क्रीनिंग अवलोकन, नमूना से संबंधित तकनीकी पहलू , संग्रह, भंडारण और परिवहनशामिल हैं । प्रत्येक जिले में दो बैचों में प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। पहला बैच चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ नर्स के लिए था और दूसरा बैच प्रयोगशाला तकनीशियनों के लिए था। प्रशिक्षण में सभी जिलों से लगभग 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## 15 रायफल , 5 पिस्टल एवं भारी मात्रा में कारतूसों के साथ 8 आरोपी गिरफ्तार





भोपाल। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात से खंडवा पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों एवं गुण्डे बदमाशों के विरूद्ध निरन्तर कड़ी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में मनोज कुमार राय पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा अवैध हथियार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर खंडवा महेन्द्र तारणेकर को निर्देशित किया गया, जिसके पालन में उनके द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक खंडवा अरिवन्द सिंह तोमर के मार्गदर्शन में कार्यवाही किये जाने हेतु टीम का गठन किया गया। गठित टीम को सूचना प्राप्त हुई कि आचार संहिता लागू होने के उपरांत लायसेन्स धारी शस्त्रों के स्वामियों द्वारा अपने लायसेन्सी हथियार थानों में जमा करा दिये गये है फिर भी कुछ लोगों के पास अवैध हथियार मौजूद है उक्त सूचना के आधार पर सूक्ष्मता से पडताल की गई तो ज्ञात हुआ कि खंडवा शहर व आस पास के कुछ व्यक्ति शिकार खेलने व अन्य गतिविधिया संचालित करने हेतु अवैध हथियार रखे हुए है। सूचना की तस्दीक होने पर गठित टीम द्वारा आरोपीगण 1- योगेन्द्र श्रीवास्वतव पिता राजबहादुर श्रीवास्तव नि. जोशी कालोनी खंडवा 2- अंकित सेन पिता तरूण सेन नि. दुबे कालोनी खंडवा 3- असफाक पिता मेहमूद अहमद नि. बुधवारा मस्जिद के पास खंडवा 4- मोहम्मद फारूख पिता मोहम्मद अली नि. सिविल लाईन शाति नगर खंडवा 5- सिकदर पिता रज्जाक खान नि. मदनी थाना हरसूद 6- शेख वसीम पिता शेख रसीद नि. हातमपुरा खंडवा 7- फिरोज पिता करामत खान नि. गुलमोहर कालोनी खंडवा 8- आशीष पिता नरेश नरवाले नि. रेल्वे हास्पिटल के पीछे खंडवा को गिरफ्तार कर कुल 08 अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गये है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ किये जाने पर ज्ञात हुआ कि जप्तशुदा अवैध हथियार पूर्व बंदूक व्यापारी अजहर बक्श जिसके पिता इलियास बक्श के नाम पर शव बेचने का लायसेंस था जो वर्ष 2005 में शासन द्वारा निरस्त कर दिया गया है। उसके बाद भी अजहर बक्श अवैध रूप से हथियार बेचने का काम करता रहा है, शहर व आस-पास के शिकारियो को बडी मात्रा मे कारतूस भी प्रदाय करता रहा है।

### जप्त हथियार का प्रकार

. 12 बोर बन्दूक/ रायफल, 12 नग कीमत 2,40,000 रूपये, 22 बोर रायफल 03 नग कीमत 1,45,000 रूपये, 32 बोर की पिस्?टल 05 नग कीमत 1,00,000 रूपये, 12 बोर कारतूस 96 नग कीमत 9,600 रूपये, 22 बोर कारतूस 28 नग कीमत 1400 रूपये, 0.32 बोर कारतूस 12 नग कीमत 1200 रूपये की सामग्री जप्त की गई।

## आखिर हम कब समझेंगे जल ही जीवन है - प्रो. अर्पित गुर्जर



भोपाल / हरदा - हमने शुरू से ही सुना है पड़ा है कि जल ही जीवन है अमृत है और जल से ही कल है हमें पानी का महत्व समझाना पड़ेगा पानी हमारे जीवन में बहुत ही महत्व रखता है आने वाले समय में पानी की किल्लत सबसे बड़ी परेशानी रहेगी हमारे देश एवं दुनिया के लिए रहेगी अभी भी समय के साथ लोग पानी का व्यर्थ हुआ है और हो रहा है ÷आखिर कब समझेंगे हम सब लोग की जल ही जीवन है ÷ उक्त बातें अखिल भारतीय वीर युवा गुर्जर महासभा के सदस्य प्रो. अर्पित गुर्जर जी ने कहीं गुर्जर जी एक समाज सेवा के रूप में भी काम करते हैं उन्होंने पूर्व में जेडीयू पार्टी के तत्वदान में भोपाल जिला उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव के जिम्मेदारी में भी काम किया है लोगों को अनेक प्रकार के माध्यम से पानी का महत्व बताया है बहुत सारे लेख ही लिखें समाज में लोग पानी को बचाने के लिए उत्सुक रहे हम सब अपने आसपास ही देखते रहते हैं कि लोग अपने का कितना अपव्यय करते हैं बर्बाद करते हैं पानी का जितना उपयोग हो सके हमें उतना ही उपयोग करना चाहिए पानी की बर्बादी में एक बहुत महंगी पड़ेगी ÷ जब कुआं सुख जाएगा तब हमें पानी का महत्व पता चलेगा÷ और यह बात सच है कि जब हुए तालाब नहर में पानी ही नहीं बचेगा तब पानी का असली बहुमूल्य पता चल जाएगा कितनी है किसी को पानी मिलता ही नहीं कहीं पानी के लिए कई लोगों को कितना दूर जाना पड़ता है हमारे देश में आज भी कहीं ऐसे गांव है जिन्हें अपने की किल्लत से दिक्कत हो रही है अगर पानी की बर्बादी को रोकने के लिए कुछ ठोस कदम उठाना चाहिए हमें आपसी समझदारी से पानी संरक्षण के लिए कुछ करना पड़ेगा और साथ ही पानी कैसे बचाया उसे पर विचार विमर्श पर पानी को जितना बचाएंगे करेंगे उतना हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छा रहेगा ÷ पानी बचाने का करो जतन क्योंकि पानी है बहुमूल्य रत्न ÷ जिस तरह से हमारे आभूषण रत्न पैसे कीमती है वैसे ही हमारे लिए बहुमूल्य रत्न है पानी जितना हो सके उतना ही पानी का उपयोग करें पानी की बर्बादी ना करें पानी की इतनी किल्लत हो जाती है कि जहां पानी चाहिए रहता है नहीं मिलता नहीं हमारे किसान भाई पानी के लिए परेशान होते हैं जब पानी ही नहीं बचेगा तो किसान अपनी फसल कैसे बचाएं फसल कैसे होगी यहां तक कि हमें पानी के साथ-साथ खाने के लिए भी मोहताज होना पड़ेगा आज भी कहीं-कहीं किसान भाइयों को समय पर पानी नहीं मिल पाता है जिन्हें बहुत नुकसान होता है हर फसल के लिए सबसे पहले पानी की ही जरूरत पड़ती है हमारे देश में आधे से ज्यादा जमीन सूखी पड़ी इसलिए आने वाले कल के लिए सर्वप्रथम पानी का संरक्षण कर पानी को बचाए यह नारा सही रहेगा जन-जन ने ठाना है पानी को बचाना है हम सब छोटे बड़े वर्ग के लोगों को पानी के बचाव के लिए आगे आना होगा और आगे रहकर पानी को बचाना पड़ेगा पानी के बचाव कार्य के लिए लोगों को जागरूक करना पड़ेगा हम देखते आ रहे हैं कि लोग पानी की बर्बादी दिल खोलकर करते हैं और सबसे पहले हमें हमारे घर पड़ोसी समिति से ही पानी बचाने का दौर शुरू करना पड़ेगा जितना उपयोग करना है पानी का उतना उपयोग कर पानी को बचाए क्योंकि पानी की जरूरत हम सबको लगती है चाहे वह जीव जंतु हो प्राणी हो दुनिया भर में हर किसी को पानी की जरूरत है पानी न होने का कारण पूरी दुनिया भर में दिक्कत करेगा इसलिए हम सबको मिलकर पानी बचाने में अपना जतन लगाना पड़ेगा।

## शेर खान लगा रहा डुबकी...वन्य प्राणियों को चिलचिलाती गर्मी से बचाने किए इंतजाम



भोपाल। वन विहार में शेर खान पानी के सोंसर में डुबी लगा रहा है तो बलू कूलर की हवा ले रहा है। दरअसल वन विभाग ने शहर में बढ़ती तेज गर्मी को देखते हुए वन्यप्राणियों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आस-पास होने के चलते वन विहार प्रबंधन ने अभी से वन्य जीवों को गर्मी से बचाने की तैयारियां शुरू कर दी है। वन विहार में वन्य जीवों के बाड़े के पीछे कूलर लगाए गए और खस बांधे गए हैं। इन खसों पर पानी छिड़कने के लिए विशेष रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी भी तय की गई है।

इसके अतिरिक्त जानवरों को पर्याप्त पानी मिले इसके लिए भी इंतजाम किए जा रहे हैं। घास के मैदान में विचरण करने वाले सांभर झुंड बनाकर पेड़ के नीचे खड़े हो रहे हैं। वहीं ठंड में पानी के किनारे निकलकर धूप तापते दिखने वाले मगर और घड़ियाल भी पानी में डुबकी लगा रहे हैं। वहीं भालू भी पेड़ के नीचे छांव में बैठने की व्यवस्था कर रहा है। बाघ और हायना भी गर्मी से परेशान दिखाई दे रहे हैं। वन विभाग के सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि इस बार गर्मी के तेवर जल्दी ही तीखे हो जाने के चलते बाड़ों में जल्दी ही कूलर पंखे लगाए गए हैं। गर्मी के तीखे तेवरों को देखते हुए वन्य जीवों के लिए पंखे, कूलर के साथ खस लगाकर भिगोने की विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिससे वन्य जीवों के शरीर का तापमान नियंत्रित रहे।

### 25 आर्टिफिशियल और नेचुरल वाटर होल

वन विहार में खुले में घूमने वाले वन्य प्राणियों के लिए लगभग 25 आर्टिफिशियल और नेचुरल वाटर होल बनाए गए हैं। इनकी नियमित सफाई की जा रही है। इनकी डाइट पर भी खासा ध्यान है। हरा चारा और न्यूट्रीएंट्स वन्य प्राणियों को दिया जा रहा है। वन विहार में केप्टिविटी में रखे गए वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाने के लिए हाउसिंग में परदे, खस, कूलर लगाए गए हैं। हाउसिंग में वाटर होल, पानी में ग्रीन नेट और धूप से बचाने के लिए टपरे बनाए गए हैं।

# सीहोर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट एवं कार्गो बनाने का प्रस्ताव लेकर दिल्ली जाऊंगा :आलोक शर्मा

**भोपाल।** भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा ने शुक्रवार को सीहोर में विधायक सुदेश राय के साथ चुनावी जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सीहोर के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। यहां शुगर मील की साढ़े चार हजार एकड़ जमीन है। इस पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बने, कार्गो केंद्र बने इसका प्रस्ताव लेकर दिल्ली





जाएंगे। साथ ही भोपाल मेट्रो का विस्तार करते हुए इसे सीहोर तक लाने की सुविधा देने का काम किया जाएगा। इससे विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मैं सांसद बनकर चुप बैठने वाला नहीं। आपके परिवार का सदस्य हूं। जिम्मेदारी पूरी तरह निभाउंगा। जनता की हर समस्या को सुनूंगा और समाधान भी करूंगा। इसके पूर्व आलोक शर्मा ने उत्तर विधानसभा के कोहेफिजा, ईदगाह हिल्स, हमीदिया रोड, इब्राहिम गंज, छोला, डीआईजी बंगला क्षेत्र की अनेकों कॉलोनी में जनसंपर्क कर जनता से अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान उनके साथ उत्तर विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता पर स्थानीय लोग शामिल रहे।

**जगह जगह हुआ स्वागत-** प्रत्याशी के तौर पर जब आलोक शर्मा उत्तर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क करने पहुंचे तो यहां अल्पसंख्यक समुदाय ने भी जगह-जगह मंच लगाकर उनका फूल वर्षाकर स्वागत किया। महिलाओं ने दीपक जलाकर आरती उतारी। इसी तरह सीहोर में भी कई स्थानों पर मंच लगाकर आलोक शर्मा का भव्य स्वागत किया गया।

## शत प्रतिशत मतदान की अपील

पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन,विनय जैन बावड़ी खेड़ा द्वारा एवम साथ में उपस्थित एसीपी मिलन जैन, ट्रैफिक जोन टू ,भोपाल एवं उपस्थित स्टाफ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान की अपील की,भारत के लोकसभा



चुनावों को दुनिया के कई देश वंडर ऑफ डेमोक्रेसी मानते हैं और यह है भी क्योंकि इतनी विशाल आकार की चुनावी व्यवस्था दुनिया में कहीं नहीं हैं। भारत के संविधान के अनुच्छेद 83 में हर पांच साल बाद आम चुनावों की व्यवस्था है। इसलिए 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होने के पहले एक बार फिर भारतीय मतदाताओं को 543 लोकसभा सदस्यों का चुनाव करना है ताकि हमारा विशाल लोकतंत्र सहज गति से चलता रहे।

### मुख्यमंत्री ने मुरैना और दतिया में रोड शो किया और दतिया में जनसभा को भी संबोधित किया

# भाजपा की सरकार में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं होगी: डॉ मोहन यादव

## रामलला को टेंट में रखने वाली कांग्रेस को सबक सिखाए जनता: डॉ.नरोत्तम मिश्रा

**मुरैना/दतिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय के समर्थन में दतिया में रोड के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के चुनाव कांग्रेस के पापों को सबक सिखाने का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी ने 70 सालों तक पाप किए। इनके माथे पर कई कलंक हैं। कांग्रेस पार्टी 70 सालों तक श्रीराम मंदिर निर्माण में अड़ंगे लगाती रही। भाजपा की सरकार में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं होगी। हम सनातन संस्कृति को बचाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। जनसभा को वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री व न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय ने भी संबोधित किया।

**70 साल तक दूर नहीं कर पाए गरीबी, आपस में लड़ाते रहे-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से 70 सालों तक देश में शासन चलाया, लेकिन वे 70 सालों में देश की समस्याओं को खत्म नहीं कर पाए। भगवान श्रीराम खुले आसमान के नीचे विराजमान रहे, लेकिन कांग्रेस ने श्रीराम मंदिर को लेकर हमेशा से देश के हिन्दू और मुसलमानों को लड़ाने का काम किया है। तीन तलाक के मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी लागू नहीं करवा पाए। कांग्रेस की मानसिकता हमेशा से वोट बैंक की रही है। कांर्ग्रेस हमेशा से श्रीराम मंदिर निर्माण में अड़ंगे लगाती रही और जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी ने श्रीराम



मंदिर निर्माण करवाया तो वे श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया और अब प्रदेश की जनता ही कांग्रेस को ठुकराएगी। कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन के लोग भी शामिल नहीं हुए।

**दतिया के विकास में नहीं रही कोई कमी-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दतिया के विकास में कोई कमी नहीं रही। हर तरफ विकास ही विकास नजर आता है। यहां पर मां पिताम्बरा माई की ऐसी कृपा है कि जो काम उज्जैन में नहीं हुए उससे पहले दतिया में हो गए हैं। यहां पर मेडिकल कॉलेज बन गया, उज्जैन में अब बनेगा। इसी तरह यहां पर युवाओं को रोजगार देने के लिए उद्योग, कॉलेज सहित कई अन्य सौगातें भी दी गई हैं। यहां की बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बताती हैं कि दतिया का परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है।

**भारत को शक्तिशाली राज्य बनाना है भाजपा को जिताएं-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस देश के नागरिकों का 2014 में पहला वोट पड़ा तो देश से आतंकवाद खत्म हो गया, दूसरा वोट पड़ा तो भगवान श्रीराम गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं। भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है और अब तीसरी बार वोट पड़ेगा तो भारत दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनेगा। अबकी बार तीसरी बार सरकार बनाना है, क्योंकि भारत को शक्तिशाली बनाना है, सनातन धर्म की जय-जयकार पूरी दुनिया में करवाना है, दुनिया में मानवता की पुनर्स्थापना और भारत का मान-सम्मान बढ़ाना है। इसके लिए भाजपा को जीतना जरूरी है। अबकी बार-400 पार लाना है।

**मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने मुख्यमंत्री ने मांगा जनता का आशीर्वाद-** देश को विकसित राष्ट्र बनाने, भारत माता के गौरव को परम वैभव पर पहुंचाने, भारत को फिर से विश्व गुरु के आसन पर विराजित करने के संकल्पों की पूर्ति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के आह्वान के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुरैना और दतिया में पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में शुक्रवार को रोड शो किया।

**डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद कांग्रेस में भगदड़- डॉ.नरोत्तम मिश्रा-** दतिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मंत्री, वरिष्ठ नेता व न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश में जब से डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री बने हैं कांग्रेस में भगदड़ के हालात बन गए हैं। खजुराहो लोकसभा कांग्रेस ने छोड़ी, वहीं इंदौर में प्रत्याशी ने ही कांग्रेस पार्टी छोड़ दी। भिंड लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी झूठ बोलने के सरदार हैं। दर्जन भर राजनीतिक दल बदल चुके हैं।

### प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार , सेना व सनातन के अपमान पर सबक सिखाएगी जनता

# कांग्रेस व दिग्विजय के खून में आज भी अंग्रेजों का जींस है: विष्णुदत्त शर्मा



**राजगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को राजगढ़ लोगसभा क्षेत्र के नरसिंहगढ़ विधानसभा के तलेन में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अंग्रेजों की राह पर चल रही है, जिस तरह से अंग्रेज फूट डालो और राज करो की नीति पर कार्य करते थे, उसी प्रकार कांग्रेस पार्टी आज भी जाति और क्षेत्र के आधार पर लोगों को बांटकर शासन करना चाहती है। कांग्रेस पार्टी और दिग्विजय सिंह के खून में आज भी अंग्रेजों का जींस है। वर्ष 2003 से पहले मध्यप्रदेश को बंटाढार बनाने वाले दिग्विजय सिंह अब राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं, लेकिन मध्यप्रदेश और राजगढ़ की जनता मध्यप्रदेश को बंटाढार करने वाले दिग्विजय सिंह को इस चुनाव में सबक सिखाने को तैयार है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मिस्टर बंटाढार दिग्विजय सिंह ने अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार कर सनातन का अपमान किया है। सर्जिकल स्ट्राइक पर सेना से सबूत मांगकर सेना का अपमान, सनातन का अपमान करने का बदला राजगढ़ की जनता लेगी।

दिग्विजय सिंह ने 2003 से पहले मध्यप्रदेश को सड़क, बिजली, पानी के लिए तरसा दिया था

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 से पहले दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश की जनता को सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसा दिया था। 2003 से पहले मध्यप्रदेश को बंटाढार बनाने वाले दिग्विजय सिंह द्वारा खुद को सनातनी बताना उनका सबसे बड़ा झूठ है। श्री शर्मा ने कहा कि दिग्विजय खुद को सबसे बड़ा सनातनी बताते हैं, यह उनका सबसे बड़ा सफेद झूठ है। जो व्यक्ति अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार करें, राम भक्तों पर गोली चलाने वालों का समर्थन कर, उनको राजगढ़ लोकसभा की जनता हर बूथ पर जवाब देगी।

### दिग्विजय सिंह जैसी विचाराधारा को पनपने नहीं देना है

श्री शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह और कांग्रेस ने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगकर सेना और सैनिकों का अपमान किया था। यह दोहरे चरित्र वाले लोग हैं। जयचंद की भूमिका के सारे गुण दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं में हैं। दिग्विजय सिंह जैसे विचारधारा को मध्यप्रदेश और देश में नहीं पनपने देना है। दिग्विजय सिंह ने अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का विरोध किया और खुद को उस कुल का बताते हैं। लेकिन गांधी परिवार का दरबारी बने रहने के लिए उन्होंने अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार कर सनातन का अपमान किया है। राजगढ़ क्षेत्र से भी कई लोग कार सेवक के रूप में अयोध्या पहुंचे थे और उन पर भी गोलियां व लाठियां बरसीं। आज वही दिग्वजय सिंह और कांग्रेस पार्टी रामभक्तों पर गोलियां और लाठियों बरसाने वाली पार्टी के समर्थन में खड़े हैं, यही है दिग्विजय सिंह का दोहरा चरित्र।

### दिग्विजय सिंह इमोशनल ब्लैकमेल कर रहे, जनता उनके झांसे में न आए

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता पहले बहन-बेटियों का अपमान करते हैं, फिर घिरते हैं तो बयान को तोड़-मरोड़कर बताने का बहाना बनाकर माफी मांगने की नौटंकी करते हैं। हमारी दलित बहन का अपमान जिस करत से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने किया है, इसका सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। मध्यप्रदेश की माता-बहनें व दलित समाज कांग्रेस को इस अपमान का सबक सिखाएगा। दिग्विजय सिंह यह जान चुके हैं कि वे चुनाव नहीं जीत रहे, इसलिए लोगों को अब इमोशनल ब्लैकमेल कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि मेरा तो यह अंतिम चुनाव है। हमारे देवतुल्य कार्यकर्ता भाई-बहनों आप सभी को सतर्क रहना होगा। चुनाव जीतने के लिए दिग्विजय सिंह इस तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। लेकिन राजगढ़ लोकसभा की सभी सम्मानित जनता बहुत समझदार है, वह दिग्विजय सिंह के झांसे में नहीं आने वाली है। भाजपा राजगढ़ सहित प्रदेश की सभी 29 की 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक बहुमत से चुनाव जीतने जा रही है। मैं इस क्षेत्र की देवतुल्य जनता से अपील करना चाहता हूं कि वह किसी के बहकावे व झांसे में न आएं। जो मुख्यमंत्री रहते इस क्षेत्र का कोई भला नहीं किया, वो अब खुद कह रहे मेरा अंतिम चुनाव है। इसका स्पष्ट मतलब है कि उन्हें इस क्षेत्र की जनता से आगे कोई संपर्क नहीं रखना। भाजपा कार्यकर्ता जनता के हर सुख-दुख में साथ खड़ा रहता है और हमेशा खड़ा रहेगा।

### लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने ग्वालियर में सोशल मीडिया बैठक को संबोधित किया

# यह लोकसभा चुनाव भारत को विकसित बनाने का चुनाव है: सतीश उपाध्याय

**ग्वालियर।** लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी श्री सतीश उपाध्याय ने शुक्रवार को ग्वालियर के होटल रमाया में आयोजित भाजपा सोशल मीडिया की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा 2024 का चुनाव केवल चुनाव नहीं है, विकसित भारत का चुनाव हैं। 2014 के पहले पूरे देश में निराशा, अविश्वास, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का बोलबाला था। कश्मीर में पत्थरबाजी, नक्सलवाद और आतंकवाद की घटना आम बात होती थी। आज के भारत को देंखे तो हमें कई परिवर्तन देखने को मिलते हैं, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।



सतीश उपाध्याय ने कहा कि देश में असाध्य समझी जाने वाली समस्याएं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनते ही सब हल हो गई हैं। चाहे वह धारा 370 हो, भव्य राम मंदिर का विषय हो, ट्रिपल तलाक से मुस्लिम बहनों को आजादी हो, ऐसे देश हित में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अनेको उल्लेखनीय और दमदार कार्य किये हैं। मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल के उपलब्धियों को लेकर हमें जनता तक पहुंचना है।

**लोगों को मालूम होना चाहिए कि कांग्रेस की मानसिकता कितनी छोटी है-** सतीश उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश को विकसित राष्ट बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी वर्ष 2047 तक भारत को विश्व गुरू बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहे हैं। मोदी जी ने गारंटी दी है कि हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेंगे। हमें करना क्या है इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की ओछी मानसिकता के विषय में प्रियंका गांधी से पूछना चाहिए जो कहती थीं कि लड़की हूं मैं लड सकती हूं। लोगों को मालूम होना चाहिए कि कांग्रेस की मानसिकता कितनी छोटी है। उन्होंने कहा कि 5-6 मई को मतदान प्रतिशत बढाने के लिए अपनी फेसबुक के माध्यम से लोगों को जागृत करें। इस अवसर पर सुश्री गीतांजलि शर्मा, सोशल मीडिया की प्रदेश सह संयोजक श्री अभिनंदन त्यागी और आईटी के जिला संयोजक श्री अरविंद कुशवाहा मंचासीन रहे।

# प्लास्टिक एवं ई वेस्ट युक्त कचरा जलाने वाले कबाड़ी से वसूला 10 हजार रु का स्पॉट फाइन

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा साफ सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों व प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को निगम के अमले ने जोन क्र. 07 खजूरी बायपास क्षेत्र में कबाड़ी द्वारा प्लास्टिक व ई-वेस्ट युक्त कचरा जलाने पर 10 हजार रुपये की राशि वसूल की साथ ही ग्रीन नेट लगाए बिना निर्माण कार्य कर वायु की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाने वाले 02 प्रकरणों में 05 हजार 500 रुपये की राशि वसूल की। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 165 प्रकरणों में 48 हजार 100 रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की।

निगम आयुक्त श्री हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में निगम के अमले द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था को बनाए रखने हेतु निरंतर निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर कचरा,





गंदगी फैलाने वालों, प्रतिबंधित पॉलीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों, भवन निर्माण एवं सी.एण्ड.डी वेस्ट सड़कों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर रखने वालों व हरित अपशिष्ट फैलाने वालों के विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही भी निरंतर की जा रही है।

### प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकार-वार्ता को किया संबोधित

# सोनिया, प्रियंका सहित कांग्रेसियों की चुप्पी क्या पटवारी के बयान पर मौन सहमति है: कृष्णा गौर

**भोपाल।** प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर, बंसल वन में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की पूर्व मंत्री एवं दलित महिला शक्ति का सशक्त प्रतिनिधित्व करने वाली श्रीमती इमरती देवी को लेकर अमर्यादित टिप्पणी कर अपमानित किया है। यह केवल श्रीमती इमरती देवी का ही अपमान नहीं, बल्कि देश की समस्त नारी शक्ति और अनुसूचित जाति समाज का अपमान है। कांग्रेस की मानसिकता और मूल चरित्र हमेशा से महिला और दलित विरोधी रहा है। कांग्रेस का आज देश में होना ही सबसे बड़ा दुर्भाग्य हो गया है, क्योंकि कांग्रेस ने कभी भी महिलाओं और देश की संस्कृति का सम्मान करना तो दूर उसे हमेशा तार-तार करने का प्रयास किया है। हमारी संस्कृति में महिलाओं को पूजा जाता है, लेकिन कांग्रेस को जब भी मौका मिलता है हमेशा महिलाओं का अपमान ही करती है।




मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि महिलाओं का उनके लिए कोई महत्व नहीं है और कांग्रेस आज भी महिलाओं का अपमान कर रही है। श्रीमती गौर ने कहा कि क्या जीतू पटवारी अपने घर की महिलाओं में भी चासनी और रस ढूंढते हैं, जवाब दें। सोनिया, प्रियंका सहित कांग्रेसियों की चुप्पी क्या पटवारी के बयान पर मौन सहमति है। कांग्रेस पार्टी को भी इस बात का जवाब देना होगा। मैं महिला और भारतीय जनता पार्टी की तरफ से जीतू पटवारी के इस महिला विरोधी बयान की कड़े शब्दों में निंदा करती हूं।

प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि क्या जीतू पटवारी पार्टी की महिला नेताओं सहित घर की महिलाओं के बारे में भी ऐसी ही सोच रखते हैं। इस मामले में ÷लड़की हूं लड़ सकती हूं÷ बोलने वाली कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी जीतू पटवारी के महिला विरोधी बयान पर कुछ बोलेंगी या उन्हे मौन स्वीकृति देंगी। अभी तक कांग्रेस के किसी भी नेता ने इस पर कुछ नहीं बोला है, इससे माना जा सकता है इस बयान पर वह जीतू पटवारी के साथ खड़े हैं, एक दलित महिला से उनका कोई लेना-देना नहीं है। जीतू पटवारी और अन्य कांग्रेसी नेताओं की घृणित मानसकिता के कई उदाहरण हैं जो इस बात को साबित करते हैं कि कांग्रेसियों को महिलाओं का अपमान करने में मजा आता है।

प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि राहुल गांधी, दिग्विजय सिंह, कमलनाथ और जीतू पटवारी से लेकर रणदीप सुरजेवाला, सुप्रिया श्रीनेत सहित कई नेताओं ने महिलाओं का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। राहुल गांधी को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में महिला शक्ति को लेकर भी अमर्यादित टिप्पणी कर चुके हैं।

स म्पा द की य

# राहुल, रायबरेली और परिवार की परंपरा



अंततः लंबी कशमकश के बाद कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। राहुल गांधी अमेठी से नहीं, रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे और अमेठी से गांधी परिवार के पुराने विश्वसनीय केएल शर्मा चुनाव मैदान में हांगे। इससे एक बात साफ होती जा रही है कि गांधी परिवार इन दोनों सीटों पर अपनी दावेदारी बनाए रखना चाहता है।

पिछले कुछ दिनों से रायबरेली और अमेठी सीटों के संभावित उम्मीदवारों को लेकर जैसी गहन चर्चा चल रही थी, उससे साफ है कि यह सिर्फ दो सीटों का मामला नहीं रह गया था। ये परिवार और परंपरा का प्रश्न बन गई हैं। ये दोनों सीटें न सिर्फ लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ रही हैं, अपितु गांधी परिवार का पसंदीदा अखाड़ा मानी जाती रही हैं। हालांकि, अतीत में एकाधिक अवसर ऐसे आए हैं, जब इन सीटों की नुमाइंदगी गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति के हाथों में भी गई है, लेकिन इन सीटों को गांधी परिवार के चुनाव क्षेत्र के ही रूप में देखा जाता रहा है। पिछले चुनाव यानि 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी की हार और इस बार सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव से बाहर रहने की वजह से कांग्रेस में इन दोनों सीटों पर शून्य बन गया था, इसे भरे जाने की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही थी।

सोनिया गांधी के राज्यसभा का रुख करने के बाद राहुल गांधी के रायबरेली सीट को चुनने और प्रियंका के चुनाव में खड़ा न होने के फैसले पर भी कई तरह से टीका-टिप्पणी की जा सकती है। लोग कर भी रहे हैं। भाजपा के कुछ नेता इसे राहुल का अमेठी से भागना बताने भी लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही सभा के दौरान राहुल को भागने वाला कह दिया। अमेठी से प्रत्याशी कोई भी हो, ये दोनों सीटें गांधी परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं। इन सीटों पर जीत-हार को गांधी परिवार की जीत-हार के ही रूप में ही देखा जाएगा। हालांकि राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने रायबरेली सीट से भी उन्होंने ताल ठोक दी है। और यह साफ कर दिया है कि गांधी परिवार उत्तर भारत से नाता नहीं तोड़ने वाला।

रायबरेली से नामांकन भरने के दौरान कुछ भावुक पल भी दिखाई दिए। राहुल गांधी के साथ सोनिया गांधी भी रायबरेली आईं। रायबरेली सीट से राहुल गांधी के नामांकन को लेकर एक वीडियो सामने आया है। इसमें सोनिया गांधी को एक दिग्गज नेता नहीं, बल्कि एक मां के रूप में महसूस किया जा सकता है। इसमें उनके जज्बात बेटे को लेकर साफ देखा जा सकता है। उनके मातृत्व भाव को देखकर हर कोई इसकी चर्चा करता दिख रहा है।

सोनिया गांधी ने फरवरी में चुनावी राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। राजस्थान से राज्यसभा जाने वाली सोनिया गांधी ने रायबरेली को उस समय अपना परिवार बताया था। रायबरेली की जनता को लिखी चिट्ठी में सोनिया ने कहा था कि उनका परिवार हमेशा उनके दिल के करीब रहेगा। पांच सालों के बाद सोनिया गांधी एक बार फिर रायबरेली पहुंची तो उनके भाव भी उसी प्रकार के दिखे। सोनिया इस बार अपने बेटे राहुल के नामांकन के दौरान उनके साथ मौजूद रहीं। राहुल गांधी के नामांकन भरने के दौरान पूरे समय सोनिया गांधी उनके साथ दिखाई दीं।

राहुल गांधी का नामांकन के दौरान रायबरेली जिला कार्यालय में स्थित नामांकन केंद्र पर सबसे पहले सोनिया गांधी पहुंचीं। नामांकन कक्ष में प्रवेश के समय सोनिया गांधी ने सिर पर पल्लू डाल रखा था। उन्होंने हाथ जोड़कर मंच पर बैठे जिला निर्वाचन अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों का अभिवादन किया। नामांकन दाखिल करने आने वाले प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के लिए नामांकन कक्ष में कुर्सी लगाई गई थी, लेकिन सोनिया गांधी उस कुर्सी पर नहीं बैठीं। वह राहुल गांधी की प्रतीक्षा कर रही थी, जो पीछे से आ रहे थे। नामांकन फॉर्म दाखिल करने के पूरे कार्यक्रम के दौरान सोनिया गांधी और राहुल गांधी की अलग ही बॉन्डिंग दिखाई दे रही थी।

असल में सोनिया गांधी का रायबरेली से करीब 25 सालों का नाता रहा है। पहली बार उन्होंने वर्ष 1999 में रायबरेली लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में कदम रखा। इसके बाद 2004, 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने रायबरेली सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा। गांधी परिवार की सबसे सुरक्षित सीट माने जाने वाली रायबरेली से वे 25 सालों तक प्रतिनिधित्व करती रही हैं। अब इस सीट की जिम्मेदारी उन्होंने राहुल गांधी को दे दी है। उनके सामने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह की चुनौती है। दिनेश प्रताप सिंह ने भी शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। दोनों नेताओं की टक्कर की उम्मीद इस सीट पर की जा रही है। ऐसे में रायबरेली पहुंच कर सोनिया गांधी ने राहुल गांधी के लिए राह आसान करने की कोशिश की है।

बहरहाल, ये बात साफ है कि राहुल को रायबरेली सीट से प्रत्याशी बनाकर कांग्रेस ने संकेत दिया है कि दक्षिण के राज्यों से विशेष उम्मीदें रखते हुए भी उसने नॉर्थ और खासकर यूपी में अपनी दिलचस्पी कम नहीं होने दी है। यह बात और है कि राज्य में कांग्रेस का संगठनात्मक आधार हाल के वर्षों में काफी कमजोर हो गया है, लेकिन राहुल का रायबरेली से लड़ना एक राजनीतिक संदेश है और यह काफी मायने रखता है। अभी जब पांच चरणों की वोटिंग बाकी है, तो कांग्रेस नेतृत्व और गांधी परिवार का यह कथित आक्रामक रुख उत्तर भारत में मतदाताओं के मन को प्रभावित कर पाता है या नहीं और करता है, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन अब यूपी की राजनीतिक जंग और रोचक हो गई है।

# आखिर क्यों नरेंद्र मोदी को देश तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है



**प्रभात झा**
**( पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष )**

21 अक्टूबर 1951 को जनसंघ की स्थापना हुई थीद्य 1952 में पहला आम चुनाव हुआ था और उस चुनाव में जनसंघ के तीन लोग जीते थेद्य कोलकाता दक्षिण पूर्व सीट से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मिदनापुर-झारग्राम सीट से दुर्गा चरण बनर्जी और चित्तौड़, राजस्थान से उमाशंकर त्रिवेदी। जनसंघ के घोषणापत्र में मुख्यतः दो मुद्दे थे-देश में समान नागरिक संहिता लागू करना तथा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को खत्म करनाद्य चुनाव के बाद उस समय भी एनडीए बना तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रतिपक्ष के नेता बनेद्य संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि 'या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूंगा'। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिये 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। परमिट का नियम तोड़ते हुए उन्होंने हजारों प्रदर्शनकारियों के साथ 11 मई 1953 को जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने का निर्णय किया। जम्मू में प्रवेश करते ही तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के तानाशाही रवैये के कारण वहां की तत्कालीन शेख अब्दुल्ला सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। लेकिन जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम भी समाप्त हो गया।

जनसंघ का कारवां आगे बढ़ता गयाद्य 1957 के आम चुनाव में जनसंघ को 4 सीटें मिली, 1962 में 14, 1967 में 35 और 1971 में 22 सीटें मिलीद्य 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दियाद्य आपातकाल का जनसंघ ने खुलकर विरोध कियाद्य जनसंघ से जुड़े सभी नेताओं को इसके लिए जेल जाना पड़ा और यातनाएं सहनी पड़ीद्य इसमें सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक भी प्रमुखता से शामिल थे द्य 1977 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ लेकिन %दोहरी सदस्यता%( राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्या) को लेकर जनसघ के नेताओं ने जनता पार्टी से रिश्ता समाप्त कर नए राजनीतिक पार्टी के गठन का निर्णय लियाद्य भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने और पंच निष्ठाओं(राष्ट्रवाद, लोकतंत्र, सामाजिक और आर्थिक विषय पर गांधीवादी दृष्टिकोण,सकारात्मक पंथनिरपेक्षता और मूल्यों पर आधारित राजनीति) के आधार पर 6 अप्रैल, 1980 को अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। अपनी स्थापना के साथ ही पार्टी ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए।

1984 का आम चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए पहला आम चुनाव था जिसमें पार्टी को 2 सीटें मिलीद्य गुजरात की मेहसाणा से अशोक पटेल और आंध्र प्रदेश की हनमकोंडा सीट से जंगा रेड्डीद्य 1986 में लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और जून 1989 के पालमपुर अधिवेशन में पहली बार अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गयाद्य राममंदिर निर्माण को भारतीय जनता पार्टी ने अपने मुख्य राजनीतिक एजेंडे में रखा और अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल कियाद्य 1989 के आम चुनाव में 2 सीटों से बढ़कर भारतीय जनता पार्टी 85 सांसदों वाली पार्टी बन गईद्य मार्च 1990 में एक साथ भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में सरकार बनीद्य भैरोंसिंह शेखावत राजस्थान, सुंदर लाल पटवा मध्य प्रदेश और शांता कुमार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेद्य यह पहली बार था जब भारतीय जनता पार्टी का किसी भी राज्य में अपना मुख्यमंत्री बना थाद्य

25 सितंबर 1990 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लालकृष्ण आडवाणी ने गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक के लिए राम रथ यात्रा शुरू कीद्य राम मंदिर के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार को लेकर भारतीय जनता पार्टी भारत के घर-घर पहुंचीद्य 1991 में पार्टी के अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी बने और 1991 के आम चुनाव में पार्टी की लोक सभा में सीटों की संख्या बढ़कर 85 से 120 पहुंच गईद्य 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरीद्य अटल बिहारी वाजपेयी पहले 13 दिन फिर 13 माह के लिए प्रधानमंत्री बने और इसके बाद एक बार फिर साढ़े चार साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे और देश के विकास को नई दिशा दीद्य भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं होने के कारण भले ही अटल बिहारी वाजपेयी अपनी विचारधारा के संकल्पों को साकार नहीं कर पाए, लेकिन एक समर्थ भारत का निर्माण कर बहुमत मिलने पर संकल्पों को साकार करने का आश्वासन देश को उन्होंने जरूर दियाद्य 2004 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार आई, लेकिन 10 वर्षों में 'भ्रष्ट, कमजोर और पॉलिसी पैरालिसिस' उस सरकार की पहचान बन गईद्य देश की जनता ने संकल्प लिया और भारतीय लोकतंत्र ने एक सुनहरे भविष्य के लिए करवट लिया।

12 वर्ष गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया को एक ऐसा विकास मॉडल दिया जिसे %गुजरात का विकास मॉडल% के रूप में जाना जाने लगाद्य भारत के जनमानस और भारतीय जनता पार्टी ने उनमें भविष्य के भारत को देखाद्य 2013 के गोवा अधिवेशन में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने नरेंद्र मोदी को 2014 के लोक सभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी चुनाव अभियान का प्रमुख बनाने की घोषणा कीद्य बाद में उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार भी घोषित किया गयाद्य 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 282 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत मिलाद्य देश की जनता द्वारा इतिहास रचा गयाद्य नरेंद्र मोदी पहली बार पूर्ण बहुमत वाली गैर-कांग्रेसी किसी पार्टी के प्रधानमंत्री बनेद्य इसके बाद पार्टी की एक के बाद एक कई राज्यों में सरकार बनती गईद्य मार्च 2018 तक बीजेपी 21 राज्यों तक पहुंच चुकी थीद्य 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 2014 से भी बड़ी और ऐतिहासिक जीत हासिल कीद्य इस चुनाव में पार्टी ने 303 सीटें जीतीं और यह पहली बार था जब किसी गैर-कांग्रेसी पार्टी को दूसरी बार बहुमत मिला था



दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने जनसंघ के जमाने से घोषणा पत्र में शामिल और देश की जनता से किये गए सभी वादों को पूरा कियाद्य अपने दूसरे कार्यकाल के पहले संसद सत्र में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 समाप्त कर दिया। इसी मानसून सत्र में ही समान नागरिक संहिता की दिशा में कदम आगे बढ़ाया गयाद्य उसी तीन तलाक को दंडनीय अपराध बनाया गया और मुस्लिम माताओं-बहनों को इस काले कानून से मुक्ति दिलाई। नागरिकता संशोधन कानून-2019 को लागू किया गयाद्य एक तरह से महात्मा गांधी के विचार को साकार किया गयाद्य अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआद्य 22 जनवरी, 2024 को भारतीय जनता पार्टी ने अपना वादा पूरा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आज देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन राम लला का दर्शन करने आ रहे हैंद्य नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही हैद्य उत्तराखंड की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सबसे पहले समान नागरिक संहिता लागू कर इतिहास बना दिया है।

भारतीय जनता पार्टी पर पहले आरोप लगता था कि पार्टी सरकार नहीं चला पातीद्य आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार है और कई राज्यों में भाजपा की सरकार विकास और जन कल्याण के नए-नए आयाम गढ़ रहे हैंद्य देश की राजनीतिक संस्कृति बदल गई हैद्य देश और देश का जन मानस आज मोदी की गारंटी पर विश्वास है और उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने संकल्प के नाम पर आगे बढ़ रहा हैद्य शोषणमुक्त और समतायुक्त समाज की स्थापना के साथ आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही हैद्य स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहला लोक सभा का चुनाव है जब देश ही नहीं पूरे विश्व ने यह मान लिया है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैंद्य जिसका परिणाम पहले से ही तय हो गया है, यह भाजपा नहीं देश की 140 करोड़ जनता कह रही हैद्य मोदी की गारंटी ने देश के विश्वास को जितने का काम किया हैद्य

पिछले 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाया गया हैद्य नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले भारत 11 वें नंबर की अर्थव्यवस्था थीद्य ब्रिटेन और फ्रांस को पीछे छोड़ भारत आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है। मनमोहन सिंह की यूपीए की सरकार के समय 2013-14 में देश का बजट 16.65 लाख करोड़ था, जो कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़कर 2024-25 में 50 लाख करोड़ हो गया है। 50 करोड़ से अधिक गरीबों के जन-धन खाते खुलवाए गए हैं, स्वच्छता अभियान के तहत 11 करोड़ परिवारों के लिए शौचालय बनवाए गए हैं, पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीब को पक्के घर प्रदान किए गए हैं, जिनमें से अधिकतर लाभार्थी समाज के वंचित वर्ग से हैं। पीएम आवास योजना के तहत ज्यादतर मकान महिलाओं के नाम पर पंजीकृत हैं। जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से देश के 14.45 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल से जलापूर्ति की गई है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख की मुफ्त चिकित्सा सुविधा दी गई हैद्य इस योजना के दायरे में 70 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों लाये जाने की घोषणा की गई हैद्य प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश के करीब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। उज्ज्वला योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक महिलाओं को गैस सिलिन्डर प्रदान कर, उनके जीवन को धुआं मुक्त बनाया गया है। वहीं विशेषकर ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। नारी वंदन अधिनियम लाकर लोक सभा और विधान सभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया

स्टार्टअप और स्टैंडअप योजना के तहत करोड़ों युवाओं को रोजगार मिला हैद्य रोजगार की तलाश करने वाले आज रोजगार देने वाले बन रहे हैंद्य स्किल इंडिया के तहत करोड़ों युवाओं का कौशल विकास किया गया है, और इस प्रकार लाखों परिवार का आर्थिक सशक्तिकरण हुआ हैद्य करोड़ों लोगों को उद्यमी बनाने का काम मुद्रा योजना ने किया है और इसकी सफलता को देखते मुद्रा लोन की राशि को 10 लाख से 20 लाख किये जाने की घोषणा की गई हैद्य पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी चलाने वालों को ब्याजमुक्त लोन देकर उनके चिंता की गई हैद्य 36 लाख करोड़ रुपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से लोगों के खाते में भेजे गए हैंद्य वित्तीय समावेशन का यह दुनिया में मिसालहैद्य यह अभियान जन धन खाता खोले जाने से ही संभव हो पाया हैद्य यह सब पहले भी हो सकता थाद्य लेकिन इनकी चिंता देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है, भारतीय जनता पार्टी सरकार ने की ह।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के 10 करोड़ से अधिक छोटे और सीमान्त किसानों को आर्थिक सहायता दी जा रही हैद्य किसानों की आय दोगुनी करने और स्वामीनाथन आयोग के सुझावों के अनुरूप उनके उपज को उचित मूल्य मिले, इसके लगातार प्रयास किये जा रहे हैंद्य पिछले 10 वर्षों में, लगभग 18 लाख करोड़ रुपए एमएसपी के रूप में धान और गेहूं की खेती करने वाले किसानों को मिले हैं। जो यूपीए सरकार के 10 सालों की तुलना में ढाई गुना अधिक है। गांवों में पौने 4 लाख किलोमीटर नई सड़कें बनीं हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। वंदे भारत और बुलेट ट्रेन चलाये गए हैंद्य पिछले 10 वर्षों में, देश में नेशनल हाईवे की लंबाई, 90 हजार किलोमीटर से बढ़कर 1 लाख 46 हजार किलोमीटर हो गई है, फोर-लेन नेशनल हाईवे की लंबाई ढाई गुना बढ़ी है। देश में एयरपोर्ट्स की संख्या 74 से दोगुनी बढ़कर 149 हो गई है। शहरों के ट्रांसपोर्ट में कई क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। 2014 तक सिर्फ 5 शहरों में मेट्रो कनेक्टिविटी थी, अब देश के 18 शहरों में मेट्रो की सुविधा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, हर हफ्ते एक नए विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया जाता है, और पिछले एक दशक से प्रतिदिन दो नए कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, हर दिन औसतन 55 पेटेंट पंजीकृत होते हैं, जिससे नवाचार और प्रगति को बढ़ावा मिलता है। देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा हैद्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के साथ-साथ विरासत के संरक्षण और संवर्धन की भी चिंता की गई हैद्य देश एक प्रकार से आज सांस्कृतिक पुनर्जागरण के काल में हैद्य अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, केदारनाथ सौंदर्यीकरण, चार धाम परियोजना इसकी मिसाल हैंद्य अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, केदारनाथ सौंदर्यीकरण, चार धाम परियोजना इसकी मिसाल हैंद्य विदेशों से मूर्तियां वापस लाई गईंद्य अनेकों मंदिरों व विरासत स्थलों का जीर्णोद्धार हुआद्य नमामि गंगे योजना के तहत गंगा सहित अन्य नदियों को निर्मल किया गयाद्य चंद्रयान से गगणयान की यात्रा, विश्व में भारत का मस्तक ऊंचा हुआद्य प्रवासी भारतीयों को दोहरी नागरिकता दी गईद्य भारत के विकास में उनके मत्वपूर्ण योगदान को समझा गयाद्य दलित परिवार से आने वाले रामनाथ कोविंद और आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति के पद पर बैठाया गया।

महात्मा गांधी के बाद नरेंद्र मोदी पहले व्यक्ति हुए जिन्होंने स्वच्छता को जनांदोलन बना दियाद्य यही कारण है कि अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले उन्होंने मंदिरों के सफाई का जो जन आह्वान किया लोगों ने सर-आंखों पर लियाद्य पूरी दुनिया को आश्चर्य से भर दियाद्य सेवा और समर्पण का ऐसा उदाहरण इतिहास में दूसरा नहींद्य दीपावली के अवसर पर सरहद पर तैनात जवानों के बीच जाना और उनके साथ खुशियां मानाना, यह दुनिया में मिसाल हैद्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल सरहद के अलग अलग हिस्से में पहुंचकर जवानों के बीच उनका मनोबल बढ़ाते हैंद्य सैन्य ताकत को बढ़ाना, सेना को अत्याधुनिक सुविधाएं और साजो-सामान मुहैया कराई जाती हैद्य वन रैंक वन पेंशन हो, अग्निवीर योजना हो, सीमांत गांवों का विकास हो, देश की रक्षा शक्ति को मजबूत करने और मां भारती की सेवा में लगे जवानों के मान-सम्मान की बात हो, उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही हैद्य देश की सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहींद्य पुलवामा में हुए आतंकी हमले के 13 वें दिन बालाकोट एयरस्ट्राइक द्वारा आतंवादियों की तेरहवीं कर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान ही नहीं दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया-जरूरत पड़ी तो घर में घुसकर मारेंगेद्य आतंकवाद और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निडरता, निर्भीकता, कठोरता के प्रतीक तो हैं ही, साथ-साथ संवेदनशीलता, आत्मीयता और उदारता के भी प्रतीक हैंद्य जहां कठोरता की जरूरत है, कठोरता से काम लेते हैंद्य जहां संवेदनशीलता जरूरत है, संवेदनशीलता से काम लेते हैंद्य कोरोना के दौरान जिस प्रकार उन्होंने देश को भी संभाला और दुनिया की भी चिंता की, यह इस बात का प्रमाण हैद्य उन्होंने विश्व का जिस प्रकार नेतृत्व किया है, आज वैश्विक संकट के दौर में दुनिया उनकी तरफ देख रही हैद्य उनके नेतृत्व क्षमता पर पूरी दुनिया का विश्वास है और यह भारत के लिए, भारत वासियों के लिए गौरव की बात हैद्य मुस्लिम देश यूएई में मंदिर का निर्माण हो या फिर दुनिया के अनेकों देशों, जिनमें कई मुस्लिम देश शामिल हैं, द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाना, उनके करिश्माई व्यक्तित्व और वैश्विक नेतृत्व की स्वीकार्यता का प्रमाण हैद्य ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री उन्हें बॉस कहते हैं, तो अमेरिका के राष्ट्रपति विश्व मंचों पर उनसे मिलने के लिए बेताब रहते हैंद्य जी-20 का जिस प्रकार अभूतपूर्व रूप से भारत ने नेतृत्व किया, आज अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अमेरिका, इंग्लैंड और फ्रांस की नहीं, भारत की चर्चा होती हैद्य पूरी दुनिया भारत में वैश्विक भविष्य देख रहा हैद्य नरेंद्र मोदी देशवासियों से ठीक ही कहते हैं- यही समय है सही समय है।

न रुकना, न थकना और दीनदयाल जी के कहे वाक्य %चरैवेति चरैवेति% की दिशा में निरंतर बढ़ते रहना साथियों को भी उसी दिशा में ले जाने की सतत कोशिश करना, यह भारत की राजनीति में असामान्य घटना हैद्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 में 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से कहा था %मैं भारत का प्रधानमंत्री नहीं, आपका प्रधान सेवक हूंद्य सच में नरेंद्र मोदी ने अपने को प्रधान सेवक के रूप में स्थापित कियाद्य यह अप्रतिम है कि अपनी 100 वर्षीय मां को कंधा देने और अंत्येष्टि करने के बाद भी विराम नहीं किया और उसी समय गुजरात के राजभवन पहुंच राज-काज में लग गएद्य यह अदम्य साहस, अपरमित तेज और दूरदृष्टि सामान्य व्यक्ति के पास नहीं होतेद्य कहीं न कहीं ऐसे व्यक्ति पर ईश्वर की विशेष कृपा होती हैद्य

दो चरणों के चुनाव हो चुके हैंद्य पहले चरण में 102 सीटें और दूसरे में 88, मतलब कुल 190 सीटों पर चुनाव हो चुके हैंद्य अभी पांच चरण बाकी हैद्य लेकिन दो चरणों में सामान्य से सामन्य लोगों ने विपक्ष का हाल बेहाल देखाद्य पहली बार विपक्ष नेतृत्व विहीन, नीति विहीन और नियत विहीन दिखाई दे रहाद्य वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए सौभाग्य का विषय है कि उसे भारत स्तरीय ही नहीं विश्व स्तरीय नेतृत्व के रूप में नरेंद्र मोदी मिले हैंद्य 14 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी ने जो संकल्प पत्र देश के समक्ष रखा है, भारत सुनहरे भविष्य की संकल्पना की गई हैद्य इसमें 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दृष्टि हैद्य वहीं कांग्रेस के घोषणा पत्र से साफ जाहिर होता है कि उनके वादे और इरादे ऐसे हैं जो स्पष्ट संकेत दे रहे हैं की न सत्ता में आएंगे और न वादा करने जैसी कोई स्थिति आएगीद्य

जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाया, फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर संविधान को समाप्त करने की बात कर रही हैद्य परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर देश को खोखला बनाने वाले और सामाजिक न्याय के नाम पर देश की जनता के साथ अन्याय करने वाले विपक्ष व इंडी गठबंधन के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भ्रष्टाचार और आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाकर देश की जनता को गुमराह नहीं कर सकतेद्य नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक पार्टी और नेताओं पर लोगों के खोए हुए विश्वास की वापसी की हैद्य राजनीति के प्रति लोगों के कुविचार को सुविचार में बदला हैद्य नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय देश के जनमानस ने बहुत पहले ले लिया था।

# लापरवाही को हतोत्साहित कर देश की साख बचाएं

**-राकेश दुबे**

दुनियाभर में बाजार के दरवाजे एक साथ खुलने और उसमें भारत जैसे बड़ी आबादी और उत्पादक संभावनाओं वाले देश ने बीते दो-तीन दशक में एक बड़ी छलांग लगाई है। इससे आगे की स्थिति पगबाधा दौड़ जैसी है। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उसे खासतौर पर व्यापारिक मोर्चे पर न सिर्फ कठिन अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ रहा है। विभिन्न स्तरों पर अंतर्राष्ट्रीय लॉबी भी उसके खिलाफ है।

भारत में बने कफ सिरप पर रोक से शुरू हुआ मामला अब भारत से निर्यात हुए मसालों तक आ पहुंचा है। सिंगापुर और हांगकांग द्वारा भारत के कुछ बड़े ब्रांड के मसालों को बैन करने के बाद अमेरिकी फूड और ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी इस मामले में सक्रिय हो गया है। हैरत नहीं कि अमेरिका की तरफ से भी देर-सवेर कोई प्रतिबंध का फ़ैसला आ जाए। फिलहाल एफडीए ने कहा है वह भारतीय कंपनियों को लेकर जारी रिपोर्ट्स को लेकर गंभीर है ।वह इस बाबत ज्यादा जानकारी जुटाने में लगा है।

आलम यह है कि बीते छह महीने में अमेरिका ने भारत की सबसे बड़ी मसाला कंपनी के 31 प्रतिशत मसालों के शिपमेंट को लेने से मना कर दिया है। अमेरिका से भारतीय मसालों के शिपमेंट को लौटाने के पीछे फिलहाल कारण यह बताया जा रहा है कि यह फैसला साल्मोनेला संक्रमण के खतरों को लेकर लिया गया है। अलबत्ता भारतीय मसालों को लेकर अस्वीकार की स्थिति अमेरिका में नई नहीं है। बल्कि देखा जाए तो यह सिंगापुर और हांगकांग के बैन के पहले से चला आ रहा मामला है।

भारत और अमेरिका से आगे बढ़कर यह मामला अब मालदीव तक पहुंच गया है। मालदीव ने भारतीय मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी का कहना है कि भारत के दो मशहूर ब्रांड के मसालों में एथिलीन ऑक्साइड मिला है जिसके कारण इनकी बिक्री पर रोक लगाई गई है।

सिंगापुर और हांगकांग ने इन भारतीय ब्रांडों के कुछ उत्पादों में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की लिमिट से ज्यादा मात्रा होने के कारण उन्हें प्रतिबंधित किया था। बताया गया कि इनमें पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है।

बात अंतर्राष्ट्रीय मानक और चेतावनियों की करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) एथिलीन ऑक्साइड को ग्रुप वन के कार्सिनोजेन के रूप में देखती और वर्गीकृत करती है। लिहाजा इस निष्कर्ष से इनकार मुश्किल है यह लोगों में कैंसर का कारण बन सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय जगत से आई इन खबरों के बाद भारत का सक्रिय होना स्वाभाविक है। यह उसके लिए व्यापार में नुकसान से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय साख का सवाल है। लिहाजा दो देशों के बैन के घोषित फैसले के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा नियामक भी इन दोनों कंपनियों के मसालों की जांच कर रहा है।

मसालों के दोनों ही ब्रांड देश में भी खासे लोकप्रिय हैं। बात इनकी अंतर्राष्ट्रीय साख और व्यापारिक नेटवर्क की करें तो ये मसाले यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में खूब प्रचलन में हैं। फूडिंग, कुकिंग और रेसिपी को लेकर प्रभावशाली तरीके से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लिखने-बोलने वालों ने यह बात बीते वर्षों में बार-बार कही है कि भारतीय मसालों ने दुनियाभर के लोगों का स्वाद बदल दिया है।

यह बदलाव इतना बड़ा है कि अलग-अलग प्रकार और स्वाद वाले इंडियन करीज और इंटरनेशनल रेसिपीज का हिस्सा हैं। मौजूदा घटनाक्रम का भारत के लिए व्यापारिक महत्व कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2022-23 में भारत ने करीब 32 हजार करोड़ रुपये के मसालों का निर्यात किया। मिर्च, जीरा, हल्दी, करी पाउडर और इलायची भारत से निर्यात होने वाले कुछ प्रमुख मसाले हैं।

इस बात से कतई इनकार नहीं किया जा सकता कि सेहत और उससे जुड़ी गुणवत्ता को लेकर सख्ती जरूरी है। इस मुद्दे पर किसी तरह की लापरवाही को हतोत्साहित किया ही जाना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# विनोद छीपा ने किया अग्नि तप



**विदिशा।** विदिशा के बड़े बाजार में रहने वाले विनोद छीपा पिछ्ले 24 सालों से हट योग और अग्नितप कर रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच चारों तरफ गोबर के उपले जलाकर वह योग साधना करते हैं। शुक्रवार को भी जब तापमान 42 डिग्री से 43 डिग्री सेल्सियस था तब साधना उन्होंने की। उन्होंने बताया कि आज की इस अग्नि तप की कामना यह है कि लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए निकलें। उन्होंने कहा कि धूप तेज है, लेकिन एक दिन की धूप देश के भविष्य को लेकर सहन की जा सकती है। वोट करके अपने मनपसंद प्रत्याशी को जीतने के लिए वोट अवश्य करें। देश की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएं।

# शिवराज सिंह चौहान की जन आशीर्वाद रैली विदिशा में आज

**विदिशा।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान की जन आशीर्वाद यात्रा आज 4 मई शनिवार को शाम 5.30 बजे विदिशा में रामलीला चौराहा से प्रारंभ होकर तोपपुरा, बजरिया लोहा बाजार, बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकासा होते हुए माधवगंज चौक से जयप्रकाश मंच पर पहुंचेगी, जहां सभा उपरांत रैली का समापन होगा। भाजपा की समस्त वरिष्ठ नेताओं ने और विधायक मुकेश टंडन ने जनता जनार्दन से अपील की है की पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की रैली में पहुंचकर अपना आशीर्वाद अवश्य प्रदान करें।

# अधिक से अधिक मतदान किए जाने हेतु बैनर के माध्यम से जागरूक किया गया

**औबेदुल्लागंज**– लोकसभा निर्वाचन 2024 मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा निर्देश अनुसार के द्वारा स्वीप प्लान से संबंधित शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 12 से शिव मंदिर अर्जुन नगर औबेदुल्लागंज मैं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा के द्वारा वृद्ध जन्मदाताओं को मतदाता आमंत्रण पत्र पुष्पमाला के द्वारा सम्मानित किया गया एवं दिनांक 7 मई 2024 को मतदान किए जाने हेतु प्रेरित किया गया इसी क्रम में शिव मंदिर से मतदाता जागरूक हेतु रैली निकाली गई जागरूकता अभियान चलाया गया एवम सामूहिक रूप से एवं मतदाता पर्ची वितरण किया गया पीले चावल, आमंत्रण पत्र, दिए गए एवं बिशन खेड़ा में चल रहे नाइट टूर्नामेंट के समस्त खिलाड़ियों को मतदान किए जाने हेतु बैनर के माध्यम से जागरूक किया गया नगर के समस्त मतदताओ से विनम्र आग्रह किया गया कि दिनांक 7/5/2024 को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और अपने मत का सदुपयोग करें इसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे कर्मचारी अधिकारी राजकुमार शर्मा, प्रमोद तिवारी, पी आर नागर, सुरेश मालवीय ,प्रमोद कुमार पांडेय, विनोद यादव, सुशील चतुर्वेदी, आशीष यादव, बृजकिशोर यादव, जितेंद्र सिरसवाल, हरिशंकर एवं समस्त बी एल ओ कर्मचारी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के निर्देश पर उपपंजीयक छतरपुर ने की यह कार्रवाई

छतरपुर। कलेक्टर के निर्देश पर उपपंजीयक सहकारी संस्थायें छतरपुर द्वारा सेवा सहकारी समिति मनकारी के फरार एवं निलंबित समिति प्रबंधक रामचरन पटेल के भ्रष्टाचार की जांच के आदेश जारी कर दिये हैं। जांच हेतु सहकारिता विकास अधिकारी आर.एन.सिंह यादव को नियुक्त किया गया है। उपपंजीयक ने यह कार्रवाई कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर की है। ज्ञात हो कि पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं संपादक रामबाबू सिंह परिहार द्वारा कलेक्टर संदीप जी आर एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थायें छतरपुर को लिखित आवेदन देकर मनकारी के फरार एवं निलंबित समिति प्रबंधक रामचरन पटेल के भ्रष्टाचार की जांच कराये जाने की मांग की थी। श्री परिहार के आवेदन को कलेक्टर संदीप जी आर ने गंभीरता से लेते हुये उपपंजीयक सहकारी संस्थायें छतरपुर को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था।

# सीएमएचओ की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे मासूम बच्चे

## आरबीएसके चिकित्सकों के भ्रष्टाचार का शिकार हुए बैगा परिवार



मण्डला/अजीत पटेल--सरकार गले फाड़ -फाड़कर कर स्वास्थ्य सेवा एवं मासूम बच्चों को मिलने वाली योजनाओं को गिनाने में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। मण्डला एक आदिवासी बाहुल्य जिला है वहीं जिले की मवई एवं बिछिया विकासखंड को बैगा जनजाति परिवार के लिए शासन द्वारा मिलने वाली योजनाओं पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाया जा रहा है। वहीं शासन द्वारा मिलने योजना लोगों के हाथ तक नहीं लग रही है, जिले में प्रशासन की लापरवाही एवं भ्रष्टाचारी का शिकार हुए बिमार बच्चों को की दयनीय स्थिति को देखते हुए दैनिक सांध्य प्रकाश की टीम द्वारा आरबीएसके के डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर अर्जुन सिंह से आरबीएसके योजना का लाभ नहीं मिलने का कारण पूछा गया डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर द्वारा स्वयं को बचाने को लेकर मामले की जांच का आश्वासन देकर मामले को रफा-दफा करते नजर आए वहीं जिले की पिछड़ी जनजाति को सरकार की योजना एवं जच्चा-बच्चा कार्ड तथा आवश्यक पोषक आहार से मां-बच्चे को वंचित रखने का कारण महिला एवं बाल विकास विभाग से पूछने पर चुनाव की व्यस्तता बताया गया।जब शासन-प्रशासन मामले की जांच कर रही है और चुनाव में व्यस्त है तो आवंटित राशि के गबन का कारण क्या है?अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि यदि आवंटित राशि का बिल-बाऊचर प्रस्तुत है तो शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को क्यों नहीं दिया गया?

### सीएमएचओ की लापरवाही का कर्मचारी उठा रहे भरपूर फायदा

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था जर्जर हो चुकी है विभाग की अनेकों लापरवाही एवं भ्रष्टाचारी के मामले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कीर्ति चन्द्र सरोते को उंगलियों पर जाकर गिनाया जा चुका है,परन्तु सीएमएचओ को खटिया के रिसोर्ट में बैठकर टाइगर देखने से फुर्सत नहीं है,आज स्वास्थ्य विभाग की स्थिति यह हो चुकी है कर्मचारी घर में बैठकर अपनी तनख्वाह ले रहे हैं,जिसकी हिस्सेदारी जिम्मेदार भी प्राप्त कर रहे हैं मामला सीएचसी बिछिया अंतर्गत कांसखेड़ा के एमपीडब्ल्यू दिनेश आर्मो का है जो वर्षों से ड्यूटी में तैनात नहीं है,मामले की शिकायत जिम्मेदारों को किया गया तो जिम्मेदारों का कहना है कि मैं कहॉं-कहॉं ध्यान रखूं,वहीं वेतन-हाजिरी की जिम्मेदारी कार्यालय में बैठे प्रताप सिंह धुर्वे एवं प्रमोद मसराम को सौंपा गया है तो प्रमोद मसराम का कहना है कि दिनेश आर्मो को शराब पीने से फुर्सत नहीं है तो ड्यूटी कहां से करेगा वावजूद इसके सीएमएचओ डॉ सरोते अपनी हिस्सेदारी बटोरने और लापरवाहियों को नजरंदाज करने में व्यस्त हैं।इसके पहले भी सीएमएचओ डॉ सरोते को वर्षों से ड्यूटी से गायब एवं अनुपस्थित शासकीय आवास पर कब्जा करने वाले कर्मचारियों की दबंगई,अपनी स्वयं की डिस्पेंसरी चलाने को लेकर सीएचसी में पदस्थ चिकित्सक द्वारा जिला चिकित्सालय में बगैर आदेश के इलाज करने,चिकित्सक द्वारा पोस्ट मार्टम के लिए परिजनों से राशि की मांग करना, स्वास्थ्य विभाग से गायब दर्जनों वाहनों के फर्जी बिल-बाऊचर लगाकर प्रति माह लाखों रुपयों का भ्रष्टाचार करने जैसे अनेकों मामले सीएमएचओ डॉ कीर्ति चन्द्र सरोते को उंगलियों पर गिनाया जा चुका है परन्तु अपनी हिस्सेदारी बटोरने तथा तिजोरियां भरने में व्यस्त आला-अधिकारियों द्वारा उक्त मामले पर कोई कार्यवाही नहीं की गई बल्कि जिम्मेदारों द्वारा उक्त मामलों की वसूली की कीमत बढ़ा दिया गया है, जिम्मेदारों द्वारा दोषियों को अखबारों में प्रकाशित खबर पर कार्रवाई नहीं करने का सांत्वना देकर स्वयं की हिस्सेदारी तत्काल बटोरने तथा खटिया-कान्हा के रिसोर्ट में बैठकर टाइगर देखने का कार्य किया जा रहा है।

### बिछिया सीएचसी में बाहरी लोग निभा रहे चिकित्सक का दायित्व

स्वास्थ्य विभाग के आला-अधिकारियों की इसी लापरवाही तथा शिथिलता का लाभ उठाने में विभाग के अन्य कर्मचारी भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं जिले की सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया वर्षों से सुर्खियों में बना हुआ है सीएचसी बिछिया की शिकवा-शिकायत भी जिला कलेक्टर से लेकर सहायक संचालक जबलपुर तथा राज्य स्तरीय डायरेक्टर भोपाल तक किया जा चुका है,परन्तु सीएचसी बिछिया के जिम्मेदार सीएमएचओ के संरक्षण का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं सीएचसी बिछिया में बीएमओ के आंखों के सामने बाहरी व्यक्ति को चिकित्सक का चोला पहनाकर बच्चों एवं महिलाओं का इलाज कराया जा रहा है, वहीं मध्यप्रदेश सिविल सेवा अधिनियम 1961 के नियम 06 के विरुद्ध 03 संतान वाले पंचायत ठेकेदार और मटेरियल सप्लायर धड़ल्ले से अपनी पदोन्नति की मांग करते हुए कार्य कर रहे हैं, सीएचसी बिछिया के ऐंसे अनेकों लापरवाही एवं भ्रष्टाचारी के मामले सीएमएचओ डॉ सरोते को लिखित में दिया गया, परन्तु हिस्सेदारी के चलते सीएमएचओ डॉ सरोते की मिलीभगत तथा संरक्षण के चलते आशा

कार्यकर्ताओं-आशा सहयोगिनियों की भर्ती-वेतन-सेवानिवृत्ति, चिकित्सकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में फील्ड वर्क के नाम पर फर्जी रिपोर्ट एवं उक्त अनेकों मामलों में भ्रष्टाचार दिनों-दिन तूल पकड़ता जा रहा है जिसका खामियाजा जिले की मासूम जनता को भुगत रही है।

### इनका कहना है

01-जिस बच्चे की खबर लगी है वह बच्चा कुपोषित हैं उसे एनआरसी में रखा गया है।

डॉ कीर्ति चन्द्र सरोते
सीएमएचओ मण्डला।

02-खबर के बाद मैंने वाहनों की जांच की है बाकी निविदा की जिम्मेदारी एनएचएम की है।

**अर्जुन सिंह**
डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर आरबीएसके।

# लोकतंत्र के लिए मीडिया की स्वतंत्रता अहम् है : शिव भारद्वाज

## विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर हुआ आयोजन

नर्मदापुरम //मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है इसलिए लोकतंत्र के लिए मीडिया की स्वतंत्रता अहम् है उक्त उद्गागार वरिष्ठ पत्रकार शिव भारद्वाज ने शासकीय महात्मा गांधी पी जी महाविद्यालय में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं, उन्होंने कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 3 मई को मनाया जाता है ।आज ही के दिन 1991 में यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र संघ के जन सूचना विभाग ने अंतर्राष्टीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस की घोषणा की थी । इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि इस दिन के बहाने प्रेस की स्वतंत्रता का महत्व के बारे में जागरूकता तथा उन पत्रकारों को श्रद्धांजलि देते हुए याद किया जाना जिन्होंने अपने कर्तव्य की पूर्ति में अपनी जिंदगी गवा दी है ,उन्होंने कहा कि 1994 में पहली बार इसका आयोजन किया गया था। यह तीसवा वर्ष है। इस दिवस को विश्व के 150 देश मनाते हैं, 1997 में यूनेस्को ने एक पुरस्कार भी शुरू किया हैं ,किंतु दुर्भाग्य की बात है कि, आज तक यह पुरस्कार भारत को नहीं मिला ।श्री भारद्वाज ने कहा कि भारत में सन् 1780 में पहले अंग्रेजी पत्र ÷बंगाल गजट÷ के नाम से प्रकाशित हुआ था जिससे कि जेम्स अगास्ट्स ने शुरू किया था। इसी तरह हिंदी भाषा में भारत का पहला अखबार 30 मई 1826 को ÷उदंत मार्तण्ड÷ नाम से शुरू किया गया था, जो की एक साप्ताहिक अखबार था। इसे कोलकाता से जुगल किशोर शुक्ला ने शुरू किया था, इसलिए 30 मई को प्रतिवर्ष भारत में हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में भारत में प्रेस की स्वतंत्रता अति महत्वपूर्ण हो गई है ,उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक जोखिम भरा काम हो गया है इसलिए अनेक पत्रकार संगठनों ने भारत सरकार और प्रदेश सरकारों से पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग रखी है ,किंतु अब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका है । उन्होंने पत्रकारिता व्यवसायिकरण की चिंता भी जाहिर करते हुएं पत्रकारिता क्षेत्र में अपने अनुभव को साझा किया।

यह आयोजन शासकीय एमजीएम पीजी कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर किया गया था। कार्यक्रम के शुरुआत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राकेश मेहता एवं शासकीय महाविद्यालय डोलरिया से राजनीति शास्त्र की प्रो ,डॉक्टर कृष्णा राय चौहान , कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर पी के अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार शिव भारद्वाज ने मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन माल्यार्पण किया, तत्पश्चात शासकीय महाविद्यालय डोलरिया से आई डॉक्टर कृष्णा राय चौहान ने अपने उद्बोधन में प्रेस को लोकतंत्र का दर्पण कहते हुए, एक ज़बाब देह मीडिया की वकालत कि । उन्होंने कहा कि आज आम जनता को मीडिया और सोशल मीडिया में भेद को समझना होगा, उन्होंने विस्तार से अपनी बात रखी ।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर राकेश मेहता ने पत्रकारिता को एक चुनौती पूर्ण पैसा बताया और पत्रकारों की आर्थिक स्थिति एवं समाज की आवश्यकता पर जोर दिया ,उन्होंने कहा कि प्रेस स्वतंत्रता दिवस 20-24 का विषय प्रेस फार प्लेनेट एंड एनवायरनमेटल क्राइसिस है। जबकि गत वर्ष 2023 का विषय ÷जनलिज्मम÷ एवं सर्वलेंस था। उन्होंने यह भी कहा कि पेड न्यूज एवं फेक न्यूज़ को आगे नहीं बढ़ना चाहिए। आईक्यू ए सी प्रभारी डॉक्टर पीके अग्रवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और कहा कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गणित विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ रश्मि तिवारी ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के दौरान दोनों अतिथियों का बैच लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा श्रेया मालवी ने तथा आभार प्रदर्शन छात्रा। ऋषिका राजपूत ने किया।

# डॉ. लोकेश बाजपेई का निधन



**विदिशा।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी विदिशा में रहने वाले एसएटीआई कॉलेज के पूर्व संचालक डॉक्टर लोकेश बाजपेई का बीती 1 मई को सुबह निधन हो गया। वह कुछ वर्षों से मस्तिष्क संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। डॉ. बाजपेई आईआईटी रुड़की से मास्टर ऑफ इंजीनियर की उपाधि लेकर एसएटीआई कॉलेज में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्राध्यापक रहे और छात्र-छात्राओं के हित में किये गए इनके कुशल कार्यकलापों के चलते इसी विभाग में विभागाध्यक्ष पद का प्रभार भी इन्हें सौंपा गया और आखिर में इन्हें संस्था के संचालक का पद दायित्व भी सौंपा गया। आगे बढ़कर कुछ बेहतर करने का जुनून डॉ. वाजपेई के स्वभाव में था। इसी के चलते यह एसएटीआई कॉलेज में नए-नए पाठ्यक्रम लाये और विद्यार्थियों के प्रेरणा स्त्रोत बने रहे। डॉ. बाजपेई के निर्देशन में संस्था के कई छात्र-छात्राओं ने पीएचडी की, डॉक्टर लोकेश बाजपेई शहर की अनेक साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े थे। डॉ. लोकेश बाजपेई की शव यात्रा को इनके निज निवास से चरणतीर्थ मुक्तिधाम पर ले जाया गया, जहां उनके पार्थिव शरीर को पुत्र निपुण बाजपेई, निष्णात बाजपेई द्वारा मुखाग्नि दी गई एवं मौन धारण करके अनेक व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कल तक भटकते थे सड़कों पर , अब किताबें थामकर बदलेंगे भविष्य

## समाजसेवियों और प्रशासन के समन्वय से पहली बार 60 से ज्यादा बच्चों के जीवन में आया सुधार



रतलाम। जो बच्चे कल तक सड़कों पर नंगे पैर यहां-वहां भटकते, छोटी-छोटी उम्र में सिगरेट, गुटका से लेकर हानिकारक नशों की लत में फंस रहे थे। वो आज हर रोज पढाई कर रहे हैं और जल्द ही स्कूल में भी जाएंगे।

यह कहानी किसी दूर दराज इलाके की नहीं, शहर के पॉश इलाके अस्सी फीट रोड की है। बंगलों से घिरे इलाके में पिछ्ले दशक से करीब 32 परिवार ल्रोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। ये परिवार अधिकांश आदिवासी समाज से हैं और बाजना, रावटी, सरवन, ल्राबुआ से लेकर बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ राजस्थान तक से आकर मजदूरी के लिए बस गए हैं। समस्या यह थी कि इनके पास या तो आईडी और कागजों के नाम पर आधे-अधूरे पुराने दस्तावेज थे या कुछ के पास वो भी नहीं। ऐसे में बड़ों ने आधार कार्ड तो बनवा लिए लेकिन बच्चे जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में आधार कार्ड से लेकर समग्र आईडी तक से दूर रह गए। इस कारण सरकारी स्कूलों में भी दाखिला नहीं मिला।

**इस तरह सुधरने लगे हालात:** समाजसेवी एडवोकेट शिल्पा जोशी, पत्रकार अदिति मिश्रा और स्वर्गीय हेमा हेमनानी को दिसंबर में इन बच्चों के अभावों की जानकारी मिली। एडवोकेट अदिति दवेसर की मदद से चारों ने यहां बच्चों और अभिभावकों के साथ मिलकर उन्हें समल्राने और सही दस्तावेज बनवाने के लिए अपने-अपने गांवों से रिकार्ड लाने के लिए प्रेरित किया। धीरे-धीरे मजदूरी करने वाले माता-पिताओं ने भी रुचि लेना शुरु की और डेढ से दो महीनों की मेहनत के बाद पुराने रिकार्ड और अभिभावकों के आधार कार्ड और वोटर आईडी के आधार पर बच्चों की गणना और सर्वे शुरु हुआ। इस कार्य में तत्कालीन कलेक्टर भास्कर लाक्षाकार ने संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए स्वयं रुचि ली। उनके निर्देश पर कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, महिला सशक्तिकरण अधिकारी रविंद्र मिश्रा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग और स्वास्थ विभाग ने समन्वय टीम बनाई।

**घर पंहुचकरबनाए आधार कार्ड:** प्रशासनिक अमले की मदद से महिला एवं बाल विकास विभाग और जनशिक्षकों की मदद से सर्वे शुरु किया गया। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कई दिनों तक समाजसेवियों के साथ मेहनत की। जिन बच्चों का जन्म अस्पतालों में हुआ था, वहां जाकर स्वास्थ विभाग की मदद से जन्म प्रमाण पत्र बनवाए गए और करीब 60 बच्चों के आधार कार्ड तत्कालीन कलेक्टर के आदेश पर ल्रोपड़ियों के करीब ही मशीन लगाकर बनाए गए। इस बीच सुश्रि हेमा हेमनानी का दुखद निधन हो गया जिसके बाद जोशी और मिश्रा ने एडवोकेट दवेसर की मदद से समग्र आईडी बनवाने की भी शुरुआत की।

**छुट्टियों में ले रहे इस तरह की सीख:** बच्चों को आईडी आदि बनने पर जिला योग प्रशिक्षक आशा दुबे ने व्यक्तिगत रुचि लेते हुए उम्र के अनुसार 32 बच्चों का दाखिला शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में करवाया। इसके अलावा 28 बच्चों जो आंगनवाड़ी जा रहे हैं, उन्हें भी नियमित रूप से जाने को प्रेरित किया गया। वर्तमान में 10 अप्रैल से ल्रोपड़ियों के बीच बरगद के नीचे ही सेवा भारती की मदद से संस्कार शिविर भी लगाया जा रहा है। इसमें खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाई करवाई जा रही है और नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलावाय जा रहा है। बच्चों और अभिभावकों के अनुसार गर्मियों में लग रही कक्षाओं से बच्चों के आत्मविश्वास और पूरे ही व्यक्तित्व में सकारात्मक सुधार आ रहा है। जुलाई से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भी भेजेंगे। बच्चों में भी अब स्कूल जाने की रुचि बढ़ गई है।

# लोकसभा चुनाव से पहले तैयारियां तेज , पुलिस और एस एस बी बल के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च



औबेदुल्लागंज संवाददाता -लोकसभा चुनावों को देखते हुए ओबेदुल्लागज में तैयारियां तेज हो गई। विदिशा लोकसभा चुनावों को देखते हुए पुलिस ने भी तैयारियां तेज हो गई हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नगर औबेदुल्लागंज थाना क्षेत्र में पुलिस और एस एस बी फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं।

शहर कोतवाली क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालती पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स आम जनों को भरोसा दिलाया कि निडर होकर मतदान करें शुक्रवार को एसडीओपी शीला सुराणा के नेतृत्व में औबेदुल्लागंज थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह सहित पुलिस व एक कंपनी एसएसबी के जवानों ने भोपाल रोड से फ्लैग मार्च शुरू किया जो महावीर कॉलोनी, संतोषी माता मंदिर, मुख्य चौराहे होते हुए वार्ड नंबर 5 अर्जुन नगर साहित पूरे नगर में मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च में शामिल हुए ये अधिकारीआमजन को चुनाव के प्रति विश्वास दिलाने का प्रयास करते हुए असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी गई। फ्लैग मार्च में एसडीओपी शीला सुराणा, थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह ओबेदुल्लागंज, थाना प्रभारी मंडीदीप, थाना प्रभारी सतलापुर, थाना प्रभारी नूरगंज, थाना प्रभारी गोहरगंज,आदि मौजूद रहे।

# जन समर्थन के लिए बैरसिया में कांग्रेस का महा जनसंपर्क



**बैरसिया।** बैरसिया में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव आज बैरसिया बस स्टैंड से चोपड़ा बाजार तक जनसंपर्क करेंगे लोकसभा चुनाव में बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का प्रचार बड़ी तेजी से चल रहा है कांग्रेस के लिए बैरसिया भी एक महत्वपूर्ण पूर्ण विधानसभा क्षेत्र है जहां पर बीते सालों में कांग्रेस का वोटिंग परसेंट बड़ा है इसी के चलते कांग्रेस पार्टी अपनी यहां सारी दम खम के साथ चुनाव प्रचार में जुटी हुई है वहीं कांग्रेस पार्टी के द्वारा चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों मैं अपने इंडिया गठबंधन के साथ आज जनसंपर्क करेंगे वहीं बीते दिन कांग्रेस कार्यालय पर इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं के साथ चुनावी रणनीति भी तैयार की गई जिसमें हर घर गारंटी न्याय पत्र के माध्यम से सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने उम्मीदवार के लिए वोट की अपील करेंगे जनसंपर्क में आज पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व विधायक जोधा राम गुर्जर महासचिव अवनीश भार्गव प्रदेश उपाध्यक्ष राम भाई मेहर कांग्रेस नेत्री जय श्री हरिकरन सहित सभी पार्टी नेता कार्यकर्ता जनसंपर्क में शामिल होंगे

# सीबीआई जांच में संभाग के तीन नर्सिंग कालेजों को क्लीन चिट




**शहडोल।** नर्सिंग कालेजों की संबद्वता एवं मान्यता संबंधी तमाम बातो को लेकर हाईकोर्ट जबलपुर के आदेश पर प्रदेश भर के 308 नर्सिंग कालेजों की जांच करवाई गई थी जिनमें 169 कालेजों की सूची जारी कर यह बताया गया था की वह सरकार के नियमों के अनुसार संचालित थे,जिनमें से अब शहडोल संभाग के सिर्फ तीन नर्सिंग कालेजो को ही 2021,22 एवं 23 की जांच में नामांकन हेतु उपयुक्त होना बताया गया है,मध्यप्रदेश आर्युविज्ञान जबलपुर के आदेश क्र/म.प्र. आ.वि.वि/ कु.स./2024/ 1241 दिनांक 11/03/24 के अनुसार संभाग के केवल तीन पैरामेडिकल को ही नामांकन भरने हेतु अधिकृत किया गया है जिसमें विंध्या कालेज ऑफ नर्सिंग,स्वामी विवेकानंद कालेज ऑफ नर्सिंग एवं शिवानी पैरामेंडिकल इंस्टिटयूट शहडोल को ही मान्य घोषित किया गया है।विदित हो की लगातार चल रही तमाम तरह की चर्चाओं और वैध-अवैध की स्थित के बीच सरकार द्वारा सारी बाते स्पष्ट कर दी गई है जिससे पालको के मन में चल रही तमाम बातों को न केवल विराम लगेगा,बल्कि इससे आम जन मानस को भी अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता करने की आवश्कता नहीं पडेगी।

### कब तक है समय:-

एक जानकारी अनुसार सरकार द्वारा जहां नामांकन की तारीख 30 अप्रैल तय की गई थी वही अब इसे आगे बढाकर 15 मई तक कर दिया गया है जिससे उन छात्र-छात्राओं को भी नामांकन भरने मे भी आसानी होगी जो अभी तक इस बात से अनजान थे या फिर किन्ही कारणों से अपना नामांकन दाखिल नही कर पाये थे।

### क्या था मामला-

मालूम हो की हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा नर्सिंग कालेज मान्यता फर्जीवाडे में प्रदेश भर के 308 नर्सिंग कालेज की सीबीआई से मान्यता एवं संबंद्वता संबंधी जांच करवाई गई थी जिसमे से केवल 169 नर्सिंग कालेजों को तीन चरणों में मान्यता प्रदान की गई थी जिसके चलते प्रदेश भर के आम जन मानस और छात्र-छा्त्राओ के मन में अपने भविष्य को लेकर चिंता थी की कौन सही है और कौन गलत,तो वही दूसरी ओर उन नर्सिंग कालेजो का भी चयन होना था जिनकों कुछ कमियों के साथ सरकार द्वारा मान्यता प्रदान करने की बात कही जा रही थी जिसे अब 2021,22,23 की फाईनल रिपोर्ट के माध्यम से यह तय कर दिया गया है कि सरकार के नजर से केवल यह चिन्हित संस्थान है जहां पर सरकार की सारी गाईडलाईन के साथ नामांकन भरने हेतु

# सैमसंग ने 10हजार करोड़ की बिक्री हासिल करने का लक्ष्य तय किया

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई टेलीविजन के अपने 2024 लाइनअप के लॉन्च के साथ भारत में अपने टेलीविजन कारोबार से 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। विश्लेषकों के मुताबिक, भारत में अब तक किसी भी टेलीविजन ब्रांड ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की है।

सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा एआई-पावर्ड 8के नियो क्यूएलईडीह्य, 4के नियो क्यूएलईडीह्य और ओएलईडी टीवी की नई रेंज के लॉन्च के साथ, हमें इस साल भारत में अपने रेवेन्यू और मार्केट लीडरशिप को बढ़ाने का पूरी उम्मीद है। 2024 में, हमने भारत में अपने टीवी कारोबार से 10,000 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। हमारे नियो क्यूएलईडी 8के एआई टीवी जीवंत तस्वीरों और शानदार प्रीमियम ऑडियो के साथ दर्शकों को टीवी देखने का जबरदस्त अनुभव प्रदान करते हैं।

रिसर्च फर्म ओमडिया के आंकड़ों का हवाला देते हुए सैमसंग ने कहा है कि यह 2023 तक 21त्न बाजार हिस्सेदारी के साथ भारत का नंबर एक टेलीविजन ब्रांड रहा है। ओमडिया के आंकड़ों के अनुसार सैमसंग पिछले पांच साल से भारत में सबसे बड़ा टीवी ब्रांड है।

# 20 प्रतिशत होंगे बुजुर्ग इसलिए समय की मांग है वयस्कों का टीकाकरण- डॉ. अनिल अग्रवाल



संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार भारत में 2036 तक 50 साल से ऊपर के लोगों की संख्या 2020 के 26 करोड़ से बढ़कर 40.4 करोड़ होने की उम्मीद है। 2050 तक हर पांच में से एक व्यक्ति 50 वर्ष से अधिक उम्र का होगा। ऐसे में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बढ़ती उम्र की इस आबादी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। बढ़ती उम्र के साथ आने वाली प्रमुख चुनौतियों में निमोनिया, इन्फ्लूएंजा और शिंगल्स जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता है। अग्रवाल नर्सिंग होम, इंदौर के कंसल्टेंट पल्मनोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर डॉ. अनिल अग्रवाल ने वयस्कों के टीकाकरण के व्यापक महत्व पर कहा वयस्कों का टीकाकरण व्यक्तिगत स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित अनिवार्यता है। देश में उम्रदराज आबादी बढ़ रही है। ऐसे में वयस्कों के टीकाकरण को प्राथमिकता देना जरूरी है, ताकि बढ़ती उम्र के साथ स्वास्थ्य सही रहे और हमारी उम्रदराज आबादी की उत्पादकता एवं स्वतंत्रता बनाई रखी जा सके। उम्रदराज आबादी का स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए जांच एवं टीकाकरण को नियमित स्वास्थ्य देखभाल का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

# टाइटन ने किया सेरेमिक फ्यूज़न ऑटोमेटिक वॉचेज़ के नए कलेक्शन का अनावरण




बैंगलुरू एजेंसी। टाइटन पेश करते हैं अपनी सेरेमिक फ्यूज़न ऑटोमेटिक कलेक्शन में नई घड़ियां, जो इनोवेशन और सहजता का संयोजन हैं। इस साल ऑटोमेटिक्स पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पेश किया गया यह कलेक्शन अपने आप में बड़ी उपलब्धि है क्योंकि ब्राण्ड अपनी दो विशेषज्ञताओं- सेरेमिक बिल्ड और इन-हाउस ऑटोमेटिक मुवमेन्ट- के संयोजन के साथ नए और बेहतरीन डिज़ाइन की घड़ियां लेकर आया है। यह कलेक्शन न सिर्फ कारीगरी के प्रति टाइटन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है बल्कि इन-हाउस ऑटोमेटिक क्षमता के साथ सेरेमिक फ्यूज़न के संयोजन को भी पेश करता है। सेरेमिक फ्यूज़न ऑटोमेटिक वॉच कलेक्शन में कई बेहतरीन फीचर्स हैं जेसे ये घड़ियां टिकाऊ, स्क्रैच रेज़िस्टेन्स, लाईटवेट फील, हाइपोएलर्जेनिक विशेषताओं, कई कलर्स और प्रॉपराइटरी ऑटोमेटिक मुवमेन्ट के साथ आती हैं।

22 ज्वैल्स के साथ इन-हाउस 7ए20-एस मुवमेन्ट से युक्त इस कैलिबर को10 सैकण्ड से लेकर 30 सैकण्ड प्रतिदिन की सटीकता और सशक्त 36-घण्टे के पावर रिज़र्व के साथ डिज़ाइन किया गया है। इसका स्केलेटल डायल फेस बड़ी ही भव्यता के साथ ऑटोमेटिक मुवमेन्ट को दर्शाता है, वहीं ड्यूल-टोन सोलिड लिंक स्टेनलैस स्टील और सेरेमिक ब्रेसलेट इसके लुक को शानदार बनाते हैं। डोम्ड क्रिस्टल और कॉन्केव एवं स्क्वेयर डायल के साथ इस कलेक्शन में आधुनिक और बहुमुखी घड़ियां शामिल हैं, जो ऑटोमेटिक मास्टरी एवं सेरेमिक आकर्षण के साथ परफेक्ट लुक देती हैं, फिर चाहे दिन हो या रात। आज के विवेकपूर्ण पुरूषों के लिए डिज़ाइन किए गए इस कलेक्शन में अनूठी और बेहतरीन घड़ियां शामिल हैं, जो एक एक्सेसरी से कहीं बढ़कर हैं; डिज़ाइन, टेक्नोलॉजी एवं सदाबहार भव्यता के संयोजन के साथ ये स्टाइल स्टेटमेन्ट बन जाती हैं। रु 24,995 से रु 26,995 की कीमत पर उपलब्ध सेरेमिक फ्यूज़न ऑटोमेटिक वॉच कलेक्शन, अपनी शानदार ऑटोमेटिक घड़ियों के साथ रोमांचक अनुभव प्रदान करेगा।

# वर्किंग प्रोफेशनल वेब के माध्यम से आईआईटी मद्रास से ई-मोबिलिटी में एमटेक कर पाएंगे

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए वेब के माध्यम से ई-मोबिलिटी में एम.टेक. (डब्ल्यूईएमईएम) शुरू करने जा रहा है। यह कोर्स पूरी तरह इस उद्योग के अनुरूप है।कोर्स की सामग्री इस उद्योग के प्रोफेशनलों के लिए पूरी तरह प्रासंगिक है, जो इसकी विशिष्टता है।

एमटेक प्रोग्राम की परिकल्पना शिक्षा और उद्योग जगत के विशेषज्ञों की सूझबूझ से की गई थी और इसे उद्योग की जरूरतों के अनसार लगातार बेहतर बनाया जाएगा।

प्रोग्राम की अहमियत बताते हुए आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि ने कहा, ''आईआईटी मद्रास कई सर्टिफिकेशन प्रोग्रामों के माध्यम से ई-मोबिलिटी सेक्टर में वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए कौशल बढ़ाने के प्रोग्राम शुरू करने में सबसे आगे रहा है। ऐसे प्रोग्रामों के प्रतिभागी और ऑटोमोटिव उद्योग भी एम.टेक. प्रोग्राम शुरू करने की मांग करते रहे हैं, जो स्वाभाविक है।इसलिए हमें डब्ल्यूईएमईएम शुरू करने की खुशी है और यह विश्वास है कि यह प्रोग्राम इस क्षेत्र में हमारे मिशन को आगे बढ़ाएगा, जो राष्ट्र के मानव संसाधन का तेजी से विकास करना है।''

यह डिग्री प्रोग्राम आईआईटी मद्रास के सेंटर फॉर आउटरीच एंड डिजिटल एजुकेशन (सीओडीई) के माध्यम से शुरू किया जा रहा है। इसमें आईआईटी मद्रास से एम.टेक. डिग्री के लिए जरूरी कड़ी मेहनत पर जोर देने के साथ-साथ कोर्स को व्यावहारिक ज्ञान देने योग्य बनाने का ध्यान रखा गया है।डब्ल्यूईएमईएम का समन्वयन आईआईटी मद्रास का इंजीनियरिंग डिजाइन विभाग कर रहा है।

# शिवराज के साथ एक दिन - ऐसा क्यों लग रहा है कि ये मामा का पहला चुनाव है!



शिवराज सिंह चौहान इतने बेचैन क्यों हैं? विदिशा में लड़ाई जीत-हार की तो नहीं है? उनकी जीत लगभग-लगभग तय ही मानो। क्यों उनकी टीम ऐसे भारी भरकम दौरा कार्यक्रम बना लेती है, जिसे पूरा करने में शिवराज के पसीने छूट जाते हैं? सौम्य, सरल और सहृदय माने जाने वाले शिवराज के व्यवहार में ऐसे अचानक बदलाव क्यों आ गया है?

चौराहों के चाणक्यों के ऐसे ही कुछ सवाल हैं। विदिशा-रायसेन संसदीय सीट पर सभा के दौरान जो कुछ हुआ, वह मध्यप्रदेश के मौन मतदाताओं ने देख लिया है। वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि शिवराज की मौजूदगी में भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा तैश में घड़ी दिखाते हुए कह रहे हैं कि 10 मिनट हैं मेरी घड़ी में। फिर वे नाम पूछते हैं, तू तड़ाक की भाषा बोलने लगते हैं। मंच से ही वे उस टीआई को ऐसी जगह फिकवाने की धमकी दे डालते हैं, जहां से वो नजर न आए। मानो वे उस टीआई को मारने के लिए नीचे भी उतरने की कोशिश करते हैं, पर कर्मठ कार्यकर्ता उन्हें रोक लेते हैं।यह पूरा सियासी घटनाक्रम 2 मई की रात का है। मंडीदीप में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सभा में सुरेंद्र पटवा ने टीआई को धमकाया। वजह सिर्फ इतनी सी थी कि टीआई ने 10 बजे प्रचार बंद करने को कहा था।

### अब शिवराज की प्रतिक्रिया भी जान लीजिए

मंच पर शिवराज ने टीआई को संबोधित करते हुए कहा, कैसे बंद किया तुमने, चालू करो उसे। पूर्व मुख्यमंत्री का यह अंदाज उनके समर्थकों को नागवार गुजरा है।सवाल वही है कि आखिर अपनी सौम्यता और सादगी के लिए देशभर में मशहूर शिवराज इतने बेचैन क्यों हो रहे हैं? उनके समर्थक तो इस पर मौन हैं, लेकिन विपक्षी सवाल जरूर उठाते हैं। उनका कहना है कि शिवराज ये बार-बार भूल जाते हैं कि अब मुख्यमंत्री नहीं हैं। चुनाव आयोग के नियम को मानने में क्या परेशानी है? फिर मान लीजिए कि यदि 10 मिनट बचे भी थे तो क्या टीआई के साथ नेताओं को ऐसे पेश आना चाहिए?

### यूं धमकी देने की क्या जरूरत थी?

हालांकि, आप बीजेपी की आइडियोलॉजी से यह भी कह सकते हैं कि विदिशा में तो बीजेपी की जीत सुनिश्चित है, इसके बावजूद भी हमारे निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान अपने प्रचार में जुटे हुए हैं। भाजपा के लिए कर्म प्रधान है। राजनीति जनसेवा का माध्यम है।

लेकिन चाणक्यों का तो सवाल वही है कि देश भक्ति और जनसेवा की शपथ लेने वाले पुलिस वाले से यही बात आराम से भी तो की जा सकती थी, उसे सुरेंद्र पटवा ने यूं फिकवाने की धमकी क्यों दे दी?

### पांव-पांव वाले भैया से मामा तक का सफर

दरअसल, विदिशा वही क्षेत्र है, जिसने अपने पांव-पांव वाले भैया के %मामा% बनने तक के सफर को बेहद नजदीक से देखा है। वे विधायक बने। फिर सांसद। जब पीक आया तो मध्य प्रदेश के मुखिया यानी मुख्यमंत्री बनाए गए। अब वे फिर विधायक हैं। सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। यहां शिवराज की सियासत सांप-सीढ़ी के खेल समान कही जा सकती है। 99 पर पहुंचकर वे फिर उसी मुहाने पर आ खड़े हैं, जहां से शुरू किया था। हालांकि वे हजार मर्तबा यह कह चुके कि बीजेपी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है। यह सही भी है। उनके सिर सत्ता रूढ़ पार्टी के सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड है। यहां शिवराज का सब कुछ देने वाला बयान थोड़ा फिट नहीं बैठता।

### गधे के सिर से सींग...

क्या है कि जब विधानसभा चुनाव के बाद उनके सिर से मुख्यमंत्री का ताज चला गया तो दो बयान वायरल हुए थे। उन्होंने तब अपने फोटो होर्डिंग्स से हटने पर कहा था कि होर्डिंग से फोटो ऐसे गायब हो जाते हैं, जैसे गधे के सिर से सींग। उन्होंने यह भी कहा था कि कई बार राज तिलक होते होते वनवास हो जाता है। अब इनके क्या मायने थे, ये तो उनका मन ही जाने।

बहरहाल, अब वे फिर मैदान में हैं। विदिशा लोकसभा सीट के रण में लगे होर्डिंग्स में उनके बड़े बड़े फोटो भी हैं और शायद जनता ने उनके राज तिलक की तैयारी भी कर ली है। अब यहीं भी ट्विस्ट है। क्या है कि विदिशा में भाजपा के प्रचार रथ में मोदी, शिवराज, लाड़ली बहना और भांजे-भांजी के अलावा कोई और चेहरा नहीं है। न मुख्यमंत्री, न पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का। विपक्षी इस पर भी सवाल उठाते हैं। खैर, हमें फोटो में ज्यादा रुचि नहीं है।

### मोदी बोले थे- शिवराज मेरे साथी हैं

चौराहों के चाणक्यों से लेकर जमीं पर जमीनी कार्यकर्ताओं तक से बातचीत में यह जरूर साफ है कि समर्थकों ने उनके लिए पोर्टफोलियो तक तय कर लिया है। कोई उन्हें केंद्रीय कृषि मंत्री के रूप में देखना चाहता है तो किसी का अनुमान है कि सरकार बनने की स्थिति में उन्हें केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मिल सकता है। बहरहाल, यह भी तय है कि केंद्र में मोदी सरकार बनती है तो शिवराज बड़े पद से नवाजे जाएंगे। हरदा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा भी था कि शिवराज मेरे साथी हैं, उन्हें चुनाव जिताएं। अब उन्हें साथ ले जाना चाहता हूं।

### मामा और मार्जिन...

कुल मिलाकर फिर मुद्दे पर लौटते हैं कि विदिशा में शिवराज इतनी मेहनत कर क्यों रहे हैं? अब तक इस सीट पर किसी भी बड़े बीजेपी नेता का दौरा नहीं हुआ है। पूरा रण खाली है। मार्जिन की लड़ाई में %मामा% के साथ %लाड़ली बहनें% हैं। इसी मार्जिन की लड़ाई में मामा के स्वभाव में मानो परिवर्तन आ गया है। उन्हें चिंता है कि कहीं वोटिंग परसेंट कम रहा तो उनकी जीत का मार्जिन भी कम हो जाएगा। इसी चिंता में वे कई बार मंच पर भी खींच जाते हैं।

### अब रिपोर्ट ग्राउंड जीरो...

दोपहर के करीब 2 बजे थे। 25 अप्रैल का वह दिन था।शिवराज का कारकेड विदिशा से सागर की ओर जाने वाले मार्ग पर ग्यारसपुर में खड़ा था। पूर्व सीएम मंच से अपने लिए वोट मांग रहे थे। बोले, गर्मी बहुत है डरोगे तो नहीं...कितने प्रतिशत वोटिंग होगी, जनता से अलग-अलग आवाज आई। शिवराज ने दुरुस्त करते हुए कहा...कितनी 100 फीसदी। फिर गाड़ी से गमछे आए और मंच से अनाउंसर ने धड़ाधड़ नाम पुकारने शुरू कर दिए। मामा कार्यकर्ताओं को गमछा पहनाने लगे।5 से 7 मिनट तक यह क्रम चलता रहा।

### फूल, मालाएं और आतिशबाजी

अब कारकेड आगे बढ़ गया। सड़क पर करीब 10 गाड़ियां दौड़ रही थीं। पूरे रास्ते में उनके चाहने वाले फूल मालाएं लेकर खड़े थे। अपने नेता पर लोग पुष्प वर्षा कर रहे थे। पटाखों की लड़ें की लड़ें जलाई जा रही थीं। जैसे-जैसे गांव करीब आते ढोल की आवाज तेज होती जा रही थी। गर्मी प्रचंड थी। शिवराज ने सिर पर तोलिया बांध रखी थी। किसी ने कहा लू लग गई है इन्हें। फिर भी वे कार से उतरते...कहीं लोगों के बीच पहुंचकर नुक्कड़ सभा करते तो कहीं सेल्फी विद मामा शुरू हो जाता।

### मंदिर-मढ़िया एक किए दे रहे हैं

मंदिर-मढ़िया पर धोक देते हुए शिवराज आगे बढ़ रहे थे। सूरज अस्ताचल की ओर था और मामा अपने लक्ष्य की ओर चल रहे थे। गांव में, कस्बे में वे दो बातें जरूर दोहराते। एक लाड़ली बहना की अपनी उपलब्धि, दूसरा गर्मी से डरने की बात। शाम होते-होते तक वही पुराना सब चलता रहा। गमछा पहनाना, ढेरों-ढेर कार्यकर्ताओं के मंच से नाम पुकारे जाना और छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं।

### हमारे नेता हैं शिवराज सिंह चौहान

गंजबासौदा विधानसभा क्षेत्र के मढ़िया गांव में मुस्लिम समाज के लोगों ने शिवराज का स्वागत किया। 5 मिनट तक सेल्फी का दौर चला। आंधी नहीं तूफान हैं, शिवराज सिंह चौहान हैं... के नारे गूंज रहे थे। कार्यक्रम खत्म हुआ, कुछ भीड़ छंटी। लोगों से पूछा कि शिवराज को वोट क्यों देंगे, तो बोले- हमारे नेता हैं, सब कुछ दिया है हमें। दूसरे ने कहा, शिवराज ने हमें सम्मान निधि दी है। लाड़ली बहना के पैसे आ रहे हैं। प्रतापभानु के बारे में पूछा तो एक बुजुर्ग ने कहा, रहे होंगे वे सांसद...हम तो शिवराज को वोट देंगे।

### रथ का पता नहीं, खुली कार में रोड शो

इस तरह उस दिन मामा ने करीब 80 गांव कवर किए। बाद में गांवों में वे जहां पहुंचते तो कहते कि आगे भी जाना है, वरना वहां का कार्यक्रम खराब हो जाएगा। अब शिवराज आ पहुंचे थे संसदीय क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े कस्बे गंजबासौदा में। तय शेड्यूल के हिसाब से उन्हें यहां रोड शो करना था। बताते हैं कि रथ तैयार था, लेकिन देर हो गई थी। नियम आड़े आने वाले थे, लिहाजा वे खुली कार में सवार हुए। अपने प्रिय नेता को देखकर लोग पुष्प वर्षा करने लगे। आतिशबाजी हो रही थी, लेकिन जल्दबाजी इतनी थी कि आतिशबाजी के बीच से कारकेड गुजरता चला जा रहा था। आखिरकार खुली कार में रोड शो करते हुए शिवराज फटाफट जनता का अभिवादन करते हुए आगे निकल गए।

### देखा, गांव-गांव घूमने पर मजबूर कर दिया

अब आते हैं शिवराज के प्रतिद्वंदी, कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा पर। पूर्व सीएम की भागदौड़ से इतर प्रतापभानु कूल नजर आ रहे हैं। बातचीत में वे दावा करते हैं कि 18 साल के मुख्यमंत्री को गांव-गांव घूमने पर मजबूर कर दिया है, ये क्या कम है। यह वही प्रतापभानु शर्मा हैं, 1991 में जिन्हें उपचुनाव में हराकर शिवराज पहली बार विदिशा से सांसद बने थे।

### क्या है मनोवैज्ञानिक दबाव

राजनीतिक विश्लेषक शिवराज की मेहनत को अलग ढंग से देखते हैं। उनका कहना है कि वे 20 साल बाद विदिशा लौटे हैं। लिहाजा, मनोवैज्ञानिक दबाव है। इसी कारण उन्हें चुनावी क्षेत्र में भाग-दौड़ करनी पड़ रही है। छह विधानसभा और पांच लोकसभा चुनाव लड़ चुके शिवराज इस चुनाव को अपने पहले चुनाव की तरह ही लड़ रहे हैं। साधना सिंह चौहान और कार्तिकेय चौहान भी चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

### शिवराज का राजनीतिक कॅरियर...

शिवराज पहली बार वर्ष 1990 में विधायक चुने गए थे। 1991 में अटल बिहारी वाजपेयी विदिशा और लखनऊ से सांसद बने तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने विदिशा से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद हुए उपचुनाव में शिवराज ने प्रतापभानु शर्मा को हराया था। द सूत्र

# पोको ने मई सेल के लिए अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोंस पर आकर्षक डील्स पेश कीं




मुंबई, एजेंसी। भारत में सबसे तेजी से विकसित होते हुए कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने मई सेल के लिए अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोंस पर आकर्षक डील्स पेश की हैं, जो 1 मई से 10 मई तक केवल फ्लिपकार्ट और एमेज़ॉन पर उपलब्ध होंगी। इस सेल में ग्राहक अपने पसंदीदा उत्पाद आकर्षक ऑफरों के साथ शानदार मूल्य में खरीद सकेंगे।

पोको एक्स6 प्रो मीडियाटेक डायमेंसिटी 8300 - अल्ट्रा एसओसी द्वारा पॉवर्ड है, जिसका मूल्य 22,999 रुपये है। इसमें 5000 वर्ग मिमी. का वीसी कूलिंग सिस्टम और वाईल्डबूस्ट 2.0 दिया गया है, ताकि गेमिंग के दौरान बेहतरीन परफॉर्मेंस मिले। इसमें 6.67 इंच का एमोलेड डिस्प्ले है, जो 120 हर्ट्ज के रिफ्रेश रेट के साथ डॉल्बी विज़न को सपोर्ट करता है, जो बेहतर कलर एवं कॉन्ट्रैस्ट के साथ व्यूइंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है। इसमें 64 मेगापिक्सल का ओआईएस ट्रिपल रियर कैमरा और एचडीआर वीडियो रिकॉर्डिंग सपोर्ट है, जिसकी मदद से यह प्रेसिज़न के साथ शानदार विज्युअल्स कैप्चर कर सकता है।

यह 17,999 रुपये में उपलब्ध है। पोको एक्स6 अपने 6.67'' के एमोलेड डिस्प्ले और 1.5च्य रिज़ॉल्यूशन के साथ बहुत शानदार विज़्युल्स एवं बेहतरीन व्यूईंग अनुभव प्रदान करता है। यह 20,000 रुपये से कम मूल्य में ये विशेषताएं प्रदान करने वाली एकमात्र डिवाईस है। इस स्मार्टफोन में स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 मोबाईल प्लेटफॉर्म है और यह कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस द्वारा सुरक्षित है, जो इसे टिकाऊपन और खरोंच से सुरक्षा प्रदान करता है। पोको एक्स6 में 64 मेगापिक्सल का ट्रिपल रियर कैमरा सिस्टम और लंबे समय तक चलने के लिए 5100 एमएएच की बैटरी लगी है।

# महंगाई के कारण सस्ते कर्ज के लिए अक्टूबर तक का इंतजार!




नई दिल्ली। लोगो को सस्ते कर्ज के लिए अक्तूबर तक इंतजार करना पड़ सकता है। महंगाई के जोखिम और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के दरों में कोई बदलाव नहीं करने के कारण रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (ऋब्ह्) तीसरी तिमाही तक रेपो दर में कटौती का फैसला टाल सकता है। अर्थशास्त्रियों का पहले मानना था कि जून की बैठक में आरबीआई दरों में कटौती कर सकता है। अब महंगाई के जोखिम को देखते हुए यह फैसला अक्तूबर से दिसंबर के बीच हो सकता है।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इस पूरे साल में रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती की उम्मीद है।?फिलहाल रेपो दर 6.5 फीसदी पर बनी हुई है। आरबीआई ने सात बार से दरों को यथावत रखा है। महंगाई आरबीआई के दायरे से अब भी ऊपर है।

अर्थशास्त्रियों ने दिसंबर तक के लिए अपने तिमाही महंगाई पूर्वानुमान को थोड़ा कम कर दिया। आरबीएल बैंक की अर्थशास्त्री अचला जेठमलानी ने कहा कि भारत की विकास दर अच्छी है। महंगाई नियंत्रण में है। लेकिन, गर्मी में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ीं तो महंगाई आरबीआई की चिंता बढ़ा सकती है। इसके साथ?ही वैश्विक विकास पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। अमेरिका समेत दुनियाभर के केंद्रीय बैंक ब्याज दर के मामले में जिस तरह के फैसले लेंगे, आरबीआई भी उसी आधार पर रणनीति बनाएगा।

# प्यार के 2 नाम -मैक्डोनाल्ड का मालपुआ : डॉ. प्रकाश हिन्दुस्तानी




टीवी सीरियल के लोकप्रिय कलाकारों से फ़िल्म में काम करवाना उतना ही कठिन है जितना मैक्डोनाल्ड के खानसामे से मालपुए बनवाना! 'प्यार के दो नाम' में ऐसा ही हुआ होगा! नागिन-6 और कसौटी जिंदगी की धारावाहिकों में लोकप्रिय भव्या सचदेव फिल्म में प्रभावित नहीं कर पाती। दोष उनका नहीं, कहानी का है और निर्देशक का तो है। आप किसी को दाल-बाफले की दावत में बुलाओ और उसे मोमोज़ परोस दो, तो मेहमान खुश थोड़े ही होगा!

इस फ़िल्म को वसीम बरेलवी के गाने, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी कैम्पस की भव्य पृष्ठभूमि, महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला पर लंबे-लंबे डायलॉग्स, हिन्दू-मुस्लिम प्रेमी-प्रेमिका के बीच तकरार और मज़हब की दीवार का फार्मूला, शुरुआती शेरो-शायरी और प्यार की नई परिभाषा नहीं बचा पाएगी। दर्शकों को मुम्बइया भेल परोस रहे हो तो परोसो, पर भेल का बोलकर थालीपीठ का कुस्करा तो मत दो भैया!

इसमें दो प्रेमी-प्रेमिकाओं की पैरेलल लव स्टोरी चलती है। एक जोड़ी जूनियर लवर्स अलग मज़हब के हैं और बिना लव जिहाद शब्द कहे वे उसके खतरे महसूस करते हैं। सीनियर लवर्स जोड़े कहने को तो सीनियर हैं, पर उनके तार नहीं मिलते! एक का सेवन लाइफ स्टैंड में यकीन है, दूसरा वन लाइट स्टैंड में ही खुश है। किसी को अंकुरित पौष्टिक भोजन चाहिए, कोई बर्गर खाकर ही खुश है। डायरेक्टर बर्गर खानेवाले से कहता है- तुझे अंकुरित जैविक आहार खाना ही पड़ेगा। ले खा! ज्और अंत आते-आते बेचारा खाने लगता है। ये तो हीरो की बात हुई, दर्शक थोड़े ही अंकुरित जैविक आहार का शौकीन है? दर्शकों ने कहा ङ्क ना बाबा, तुमने तो स्वाद के चक्कर में मालपुए में चिली फ्लेक्स से गार्निशिंग कर दी है, अब तुम ही निपटो!!

डायलॉग्स अच्छे हैं -

ङ्क हमें ऐसा समाज मिला है जहां प्यार के लिए कोई जगह ही नहीं है।

ङ्क समाज को बदले की नहीं, बदलाव की ज़रूरत है।

-कभी किसी के प्यार को आज़माना मत, दिल दुखता है!

'प्यार के दो नाम' फ़िल्म में हिंसा, फूहड़ता, मारपीट, वाहनों की रेस, नंगापन नहीं है! वसीम बरेलवी के गाने अच्छे हैं, संगीत मधुर है, दानिश जावेद का निर्देशन औसत और भव्या सचदेव, अंकिता साहू, कनिका गौतम, अंचल टंकवाल का अभिनय अच्छा है। कबीर का रोल करनेवाले अंचल इन्दौर के हैं। उन्हें बड़ा रोल भी मिला है। फ़िल्म में सारे इंग्रीडिएंट अच्छे है, पर रेसिपी का क्या कीजिएगा?

हिन्दी की प्यार वाली फिल्मों का एक तयशुदा साँचा है ङ्क परिस्थितिवश मिलना, नज़र मिलाना, आंखों-आंखों में प्यार, नखरा, रूठना, मनाना, गलतफहमी से पैदा नफरत, बलिदान से नफरत पर विजय और अंत में विवाह! गाने और नहाने के सीन स्वाद या परिस्थिति के अनुसार डाले जाते हैं।

प्यार, प्यार ही रहेगा! आप यह फ़िल्म देखेंगे तो उसके तीन नाम थोड़े ही पड़ जाएंगे। झेल सकें तो ही अपनी रिस्क पर जाएं।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने व्यापारी पार्टनर्स के लिए बिज़नेस सॉल्यूशंस संग्रह पेश किया

मुंबई, एजेंसी। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपना बिज़नेस सॉल्यूशन संग्रह लॉन्च किया, जो देश में इसके व्यापारी पार्टनर्स के बैंकिंग एवं पेमेंट के अनुभव में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इस इनोवेटिव संग्रह द्वारा एक ही यूनिफाईड प्लेटफॉर्म में सुगमता से बैंकिंग और पेमेंट की क्रियाएं की जा सकेंगी, जिससे व्यापारी पार्टनर्स को बेजोड़ सुविधा और एफिशियंसी प्राप्त हो सकेगी।

एयरटेल के बिज़नेस बैंकिंग संग्रह में एक विस्तृत पैकेज होगा, जो एयरटेल पेमेंट्स बैंक के चालू खाते के लाभ और क्यूआर कोड द्वारा पेमेंट प्राप्त करने तथा नए लॉन्च किए गए साउंडबॉक्स द्वारा वॉईस से पेमेंट की पुष्टि प्राप्त करने के साथ ऐसा प्लान पेश करेगा, जिसमें इंश्योरेंस के कॉम्प्लिमेंट्री बेनेफिट्स प्राप्त हो सकेंगे। इसके अलावा इस संग्रह द्वारा व्यापारियों को बैंक के भरोसेमंद पार्टनर्स से लोन का आवेदन करने की क्षमता भी मिलेगी।

सुगम बिज़नेस बैंकिंग का अनुभव

एयरटेल पेमेंट्स बैंक का जीरो बैलेंस चालू खाता छोटे और मध्यम व्यवसायों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। व्यापारी यह खाता हाथोंहाथ खुलवा सकते हैं, और बैंकिंग के निर्धारित बिंदुओं पर नियत, एक बार की लागत में सुगम फंड सैटेलमेंट एवं कैश आसानी से जमा करने और निकालने की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

साउंडबॉक्स के साथ बेहतर पेमेंट का अनुभव

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने साउंडबॉक्स लॉन्च किया है, जो व्यापारी शॉप्स पर क्यूआर कोड द्वारा ग्राहक के हर विनिमय के लिए सुगम ऑडियो नोटिफिकेशन प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। व्यापारी पेमेंट की पुष्टि के लिए अपनी सुविधाजनक भाषा का चयन करके अपने अनुभव को व्यक्तिगत बना सकते हैं। इस समय साउंडबॉक्स द्वारा हिंदी और इंग्लिश में पुष्टि प्रदान की जा रही है, लेकिन जल्द ही 9 अन्य भाषाओं में यह सेवा प्रारंभ कर दी जाएगी। एयरटेल पेमेंट्स बैंक अपने साउंडबॉक्स का डोरस्टेप इंस्टॉलेशन कर रहा है, और हार्डवेयर त्रुटि के लिए 12 महीने तक निशुल्क रिप्लेसमेंट की सुविधा दे रहा है।

## गोविन्द चौरसिया जनपरिषद के प्रान्तीय सचिव मनोनित



**छिंदवाड़ा।** अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक एवं समाजिक संस्था जनप्ररिषद के संयोजक रामजी श्री वास्तव की अनुशंसा पर जनप्ररिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डी.जी.पी एन.के. त्रिपाठी ने वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवी गोविन्द चौरसिया को प्रान्तीय सचिव मनोनित किया है। जनपरिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है जो विगत 35 वर्षो से समाजिक एवं रचनात्क कार्यों में सक्रिय होने के साथ-साथ कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व सहर्स ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर दस अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 210 से अधिक एवं विदेशों में 6 चेप्टर्स बन चुके है श्री चौरसिया के मनोनयन पर उन्हें सभी ने बधाई दी है।

## श्री मद भगवद गीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर तर्पण किया



छिंदवाड़ा। गत 24 अप्रैल को शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता मुकुल सोनी की पूज्य माता श्री कांति देवी सोनी का परलोक गमन हो गया था। उनके मोक्ष हेतु सन्त श्री आशारामजी गौशाला में श्री मद भगवद गीता के 7 वें अधयाय का पाठ श्री योग वेदांत सेवा समिति के साधकों ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि किसी व्यक्ति का शरीर छूट गया है उनके मोक्ष हेतु तीसरा , तेरहवीं ,अस्थि विसर्जन, गंगा पूजन का वैदिक विधान है। किसी कारणवश यह सब नहीं कर पाए तो श्री मद भगवद्गीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण करने का भी विधान शास्त्रों में है। संस्था समय-समय पर नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनका शरीर छूट गया है उनके मोक्ष हेतु यह सेवा कार्य करती रहती है साथ ही राम कुमार लहरपूरे शिक्षक आठनेर के लिये भी पाठ कर तर्पण किया गया। इस अवसर पर साध्वी नीलू बहन अहमदाबाद आश्रम से आये लक्ष्मीकांत द्विवेदी, गौशाला संचालक जयराम भाई, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े, महिला समिति से विमल शेरके, डॉ. मीरा पराड़कर, सन्ध्या रघुवंशी, शकुंतला कराड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## युवक ने लगाया झूठा फंसाने का आरोप

**छिंदवाड़ा।** एक नाबालिग युवक ने एक महिला पर दबाव बनाकर अवैध व्यापार करने और विवश करने पर झूठे प्रकरण में फंसाने का आरोप लगाया है पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में बड़कुही निवासी नकुल बानवंशी ने बताया कि एक महिला ने उसे काम करने के बहाने बुलाया एक पार्सल पहुंचाती थी। जब उसने पार्सल की जांच की तो पता चला कि गांजा रखकर देती थी। जब उसने जांच के बाद बात मानने से इंकार कर दिया तो झूठा फंसाने की धमकी देने लगी। युवक ने एसपी से जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## 5 और 8 की पुनर परीक्षा के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किये निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है।

## शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

**छिन्दवाड़ा।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन से आग्रह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट होने पर उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में आमजनों का भी सहयोग जरूरी है। कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, जिससे शार्ट सर्किट से होने वाली हानि से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते शार्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं। इसलिए जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आम उपभोक्ता को पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, जिससे शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके।

## लौंग व कालीमिर्च की खेती के नवाचार के लिया किया फील्ड विजिट

**छिन्दवाड़ा।** जिले के अनुविभाग जुन्नारदेव के विकासखंड तामिया के भ्रमण पर पहुंचे कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह ने विभिन्न ग्रामों और निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के साथ ही यहां लौंग, कालीमिर्च, इलायची व तेजपत्र की खेती के नवाचार के लिए फील्ड विजिट भी किया। इसके लिए उन्होंने उद्यानविभाग की नर्सरी देलाखारी में लौंग, इलायची, कालीमिर्च और तेजपत्र की खेती के नवाचार के लिये निरीक्षण कर संभावनाएं देखीं और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम जून्नारदेव कामिनी ठाकुर, उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह व कृषि विज्ञान केंद्र देलाखारी के प्रमुख वरिष्ठकृषि वैज्ञानिक डॉ.आर.सी. शर्मा सहित उद्यानिकी एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# शराब दुकान खोलने पर विफरीं महिलाएं

**आबकारी और पुलिस अमले को खाली हाथ लौटना पड़ा, कुंडीपुरा महिला थाना के सामने शिफ्ट की जानी दुकान**



छिंदवाड़ा। आबकारी विभाग के ठेकेदार द्वारा स्टेशन माल धक्के से शराब दुकान कुंडीपुरा महिला थाना के सामने सिवनी मार्ग पर शिफ्ट किया जाना है लेकिन इसको लेकर लंबे समय से महिलाए विरोध कर रही हैं। और उनका आंदोलन जारी है। जिसके चलते प्रशासन द्वारा शराब दुकान शिफ्ट नहीं की जा रही थी। यह दुकान पहले से ही स्टेशन रोड मालधक्का के पास चल रही है। जब प्रशासन का अमला शुक्रवार को दुकान कुंडीपुरा थाने के सामने शिफ्ट कराने पहुंचा तो महिलाओं ने विरोध करना शुरू कर दिया। आबकारी विभाग द्वारा यहां विधिवत नीलामी में दुकान आवंटित की गई है लेकिन क्षेत्र की महिलांए इसका विरोध कर रही हैं जिसके चलते दुकान शिफ्ट नही हो पाई थी। प्रशासन के अधिकारी जब दुकान खुलवाने पहुंचे तो विरोध और तेज हो गया और महिलाएं नारेबाजी करती रहीं और कुंडीपुरा थाने के सामने धरने पर बैठ गईं। वार्ड की महिलाओं का कहना है कि वे दुकान किसी भी कीमत में खुलने नहीं देंगे। आबकारी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शराब दुकान सोम कंपनी द्वारा नीलामी में ली गई है। दुकान के पार्टनर प्रशांत जायसवाल और सोनू मागो हैं। जिनका प्रयास था कि यदि यह दुकान स्टेशन मालधक्का के पास से कुंडीपुरा थाने पास पहुंच जाए तो उन्हें लाभ होगा लेकिन महिलाओं के विरोध ने उनके प्रयास पर पानी फेर दिया। महिलाओं का कहना है कि यहां रहवासी क्षेत्र है जिसके चलते महिलाएं विरोध कर रही हैं। दुकान शिफ्ट कराने के लिए आज बड़ी संख्या में आबकारी का अमला और पुलिस पहुंची थी। लेकिन महिलाओं के भारी विरोध का देखते हुए प्रशासन को शराब दुकान की शिफ्टिंग रोकने पड़ी। आबकारी विभाग एडीओ श्री चौहान ने बताया कि महिलाओं के विरोध के चलते यह निर्णय लिया गया है।

जुआ फड़ पर रेड

## 3 लाख के जुआ फड़ के साथ 7 जुआरी धराए

**नाल कट पर भी हुआ मामला दर्ज, जुआरी आजमा रहे थे दाव**



छिंदवाड़ा। चांदामेटा पुलिस द्वारा गुरुवार देर रात एक जुआ फड़ पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 7 जुआरियों सहित 1 लाख रुपए नगद सहित 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में परासिया एसडीओपी जितेन्द्र सिंह जाट, के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम इकलहरा मे नारायण साहू के खेत में बबूल के पेड के पास ताश के पत्तो पर रूपयो की हार जीत का दाव लगाकर जुआं खेल रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी परासिया व थाना प्रभारी चांदामेटा को सूचना से अवगत कराते हुये वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में पुलिस स्टाफ को लेकर रेड कार्यवाही की गई जिसमें आरोपीगण (1) शुभम पिता राजेश राय उम्र 26 वर्ष निवासी बार्ड नम्बर -09 लाला वार्ड परासिया थाना परासिया (2) मुकेश पिता अनिल उसरेठे उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड न.-46 मोहन नगर थाना कोतवाली (3) आकाश पिता स्व, चन्द्रबहादर सुब्बा उम्र-34 साल नि.वार्ड न.02 शासकीय आई.टी.आई के पीछे कृष्णा नगर छिंदवाडा (4) रिजवान पिता अब्दुल जावेद खान उम्र-24 साल निवासी वार्ड न.-16 इकलहरा चौकी बडकुडी (5) नितेश पिता ईश्वर साह उम्र-22 साल निवासी वार्ड न.-17 दीघावानी थाना शिवपुरी (6) राज पिता रामु साह उम्र-19 साल निवासी बाजार मोहल्ला परासिया थाना (7) रमेश पिता गिरधर कुशराम उम्र 42 साल निवासी-वार्ड न.10 लहगडुआ थाना कुंडीपुरा को घेराबंदी कर जुआ खेलते हुये पकड़ा गया।

**ये हुआ जब्त**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एवं फड से नगदी रकम-110630/- रुपये,52 ताश के पत्ते,07 नग मोबाईल कीमती लगभग-160000/- रुपये,एक स्कूटी यामाह फसीनो कंपनी की हरे रंग की जिस पर रजिस्ट्रेशन न.स्क्व28स्ध-9811 अंकित है कीमती करीब 60000/- रुपये इस प्रकार पुलिस ने कुल जमला रकम-330630/- रुपये जप्त किए हैं।

**अबरार था नाल कट**

आरोपियो से पूछताछ पर बताया गया कि अबरार सिद्की नि. इकलहरा एवं प्रजीत कुमार चौरिया नि. धरमटेकडी जिला छिंदवाडा के द्वारा हर दाव पर नाल का पैसा लेकर अवैध धन लाभ अर्जन कर जुआ खिलवाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी अबरार सिद्की एवं प्रतीक कुमार चौरिया पर भी धारा 13 जुआ एक्ट, 109 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया है। वहीं पकड़ाए 7 जुआरियों के खिलाफ धारा 151 जा.फौ. के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है।

**ये रही पुलिस टीम**

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में एवं श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह जाट, निरीक्षक चांदामेटा अरूण मर्सकोले के निर्देशन में चौकी प्रभारी बडकुही अक्रजय धुर्वे, सउनि. रामविलास तिवारी, सउनि, रतिराम प्र.आर. 169 जयप्रकाश सैयाम, प्र.आर 790 भदेय मरावी, प्र.आर-231 प्रमोद धुर्वे आर.293 प्रदीप आर. 943 अनुज शर्मा, आर. 431 अंकित लिल्हारे, आर 357 ललित परतेती, आर. 830 राजकुमार धुर्वे का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्पूर्ण टीम को पुरस्कार करने की घोषणा की है।

प्रतिभा सम्मान योजना 2023-24

## कलेक्टर ने विद्यार्थियों को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान निधि वितरित कर किया सम्मानित



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आज प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा पीएसवाय प्रतिभा सम्मान योजना 2023-24 में चयनित जिले के विद्यार्थियों को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान निधी वितरित कर सम्मानित किया गया । उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुये निरंतर अग्रसर होकर देश में अपना नाम गौरवान्वित करने की प्रेरणा दी । कार्यपालन अधिकारी पीएसवाय सुश्री शुभ्रा शुक्ला ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर आगे बढने का मार्ग बताया कि किस प्रकार प्रतियोगी परीक्षाओं से बडे मुकाम हासिल किये जा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने बताया कि प्रतिभा सम्मान योजना की रिसर्च एवं प्रारभिंक परीक्षा सहित ललित कलाओं में प्रावीण्य विभिन्न संस्थाओं से कुल 23 बच्चों ने राज्य की मेरिट सूची में अपना स्थाना बनाया, इसमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाडा की कु.कृति बेले ने मेरा स्वर्णिम भारत विषय में चित्र बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, संत आशाराम बापू स्कूल की छात्रा कु.जानवी मकलेकर व कृष्णा छुगलानी ने मेरिट में स्थान प्राप्त कर जिला कलेक्टर से सिल्वर पदक प्राप्त किया। पीएसवाय प्रारंभिक परीक्षा में वैभव सूर्यवंशी एवं कु.वंशिका पटेल ने स्वर्ण पदक सहित सम्मान निधी प्राप्त की, दोनों मेधावी विद्यार्थी विद्या भूमी पब्लिक स्कूल के हैं। इसी प्रकार पीएसवाय रिर्सच अनुभाग में कुल 11 बच्चों ने जिले की मेरिट सूची में अपना स्थान प्राप्त किया, जिसमें अर्पित त्यागी, रिशी, विनोद, अभय व्योहर, मुस्कान पाटिल, कृष्णा छुगलागी, खुशी सनवेरे, हर्ष पेठे, नंदिनी भारद्वाज, दीपाली साहू, अनघ तिवारी ने मेरिट में स्थान प्राप्त कर राज्य में परचम लहराया। रिसर्च के विषय नई शिक्षा नीति, कैंसर के इलाज में कीमोथैरपी एवं आयुर्वेद का प्रभाव, भारत की बढती समस्या एवं सरकार द्वारा उठाये गये प्रयास, भारत के लोकतंत्र में भारतीय मीडिया का प्रभाव व समाज में मीडिया का स्तर, जगन्नाथ मंदिर की वास्तुकला एवं उसका इतिहास जैसे विषय पर कक्षा 09 से 12 के बच्चों ने शोध कर राज्य में अपना स्थान बनाया है। सभी चयनित मेधावी विद्यार्थी अब राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगें जहां पर चयनित उम्मीदवारों को 01 लाख रूपये की स्कॉलरशिप प्राप्त होगी ।

सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल को प्रतिभा सम्मान योजना 2023-24 में प्रदेश स्तर पर जिले से अधिकतम छात्र चयनित होने पर सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त संत श्री आशाराम बापू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रचार्य को भी सम्मान पत्र प्रदान किया गया। साथ ही जवाहर बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उच्च श्रेणी शिक्षक मुरलीधर राव को जिले में बतौर नोडल प्रभारी उत्कृष्ट कार्य करने के लिये विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिले की विभिन्न संस्थाओं के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## श्रेष्ठ नागरिक बनने अनुशासन जरूरी

**24 एमपी बटालियन के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर**



**छिंदवाड़ा।** 24 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के नेतृत्व में जबलपुर बालाघाट सिवनी एवं छिंदवाड़ा जिलों के लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का विधिवत आयोजन 02 मई को किया गया ज्ञात हो कि 11 मई 2024 तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में उद्घाटन सत्र के अवसर पर 24 बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन द्वारा कैडेट्स को एनसीसी के संबंध में बुनियादी जानकारियां प्रदान की गई, कर्नल थॉमस ने केडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कैडेट को देश का श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए एकता और अनुशासन सहित व्यक्तिव विकास , राष्ट्रहित में किए जाने वाले कर्तव्य बोध, देश भक्ति, के गुणों का अपने अंदर विकास करना आवश्यक है, साथ ही उन्होंने कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता के विकास को लेकर विभिन्न पहलुओं का पर अपने विचार रखें , दस दिवसीय इस महत्वपूर्ण संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 24 एम पी बटालियन के एडम अधिकारी, सहित 15 से ज्यादा पी आई स्टाफ,सिविल स्टाफ, जूनियर एवं सीनियर डिविजन के कैडेट्स और एन सी सी अधिकारी हिस्सा ले रहे है , 11 मई तक प्रशिक्षण में मुख्य रूप से फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग,फायरिंग, ड्रिल, हेल्थ एंड हाइजीन,प्राथमिक उपचार, जैसे विषयों के साथ का सैद्धांतिक और व्यवहारिक ज्ञान दिया जाएगा आज एसडीईआरएफ के प्लाटून कमांडर गणेश कुमार धुर्वे एवम उनकी आपदा प्रबंधन टीम द्वारा डेमोंसट्रेशन के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स को आपदा के दौरान बचाव और सामूहिक विनाश से जान और माल की रक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सभी एनसीसी कैडेट्स बड़े उत्साह और रोमांच से भरे हुए है और सैन्य जीवन शैली को करीब से अनुभव करते नजर आ रहे हैं।

## 141 वाहनो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर वसूले 49 हजार 8 सौ रूपए

**छिंदवाड़ा।** यातायात पुलिस की मुहिम लगातार जारी है, जिसका असर अब सड़को पर हेलमेट पहने लोगों को देखकर समझ आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्ग दर्शन, दिशा निर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे यातायात के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक राकेश तिवारी थाना प्रभारी थाना यातायात द्वारा शुक्रवार को, छिंदवाड़ा यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहों पर विशेष यातायात जांच अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। इस अभियान के दौरानः- हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 107 समन शुल्क 32100 रूपये, सीट बेल्ट न बांधने वाले चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 19 समन शुल्क 9500 रूपये, वाहन चालक द्वारा दस्तावेज पेश न करने पर प्रक. 06 राशि 3000/-, चालक द्वारा बगल मे सवारी बैठालने वालो के विरूद्ध प्रकरण 01 राशि 500 /-, खतरनाक ढंग से वाहन खडा करने वाले चालक के विरूध्द प्रकरण 05 राशि 2500/-, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात करने वाले चालको के विरूध्द प्रकरण 02 राशि 2000/-, पात्रता से अधिक सवारी बैठाने वाले चालक के विरूद्ध प्रकरण 01 राशि 200 रूपये वसूल की गई। इस प्रकार दो पहिया व चार पहिया वाहन चालको के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर 141 वाहनो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 49800/- रूपये समन शुल्क राशि वसूल की गई। यातायात पुलिस का मूल उद्देश्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना नही है बल्कि वाहन चालको मे यातायात नियमों का महत्व एवं स्वप्रेरणा से नियम पालन करने हेतु जागरूक किया गया है। यातायात पुलिस की जन सामान्य से विनम्र अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पर सुरक्षित रहें । यातायात पुलिस ने यह भी घोषणा की है कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सके ।

## कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



छिन्दवाड़ा। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हुये पंद्रह दिन बीत चुके हैं। आगामी 4 जून को मतगणना उपरांत चुनाव परिणाम घोषित किये जावेंगे। इस दौरान ईवीएम की सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की है। प्रशासन आधुनिक उपकरणों के साथ ही सुरक्षाकर्मियों के माध्यम से ईवीएम मशीनों की सुरक्षा का दावा निरंतर कर रहा है जिसका जायजा लेने के लिये आज कांग्रेस के प्रतिनिधिगण पीजी कॉलेज पहुंचे।

चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत ईवीएम मशीनों की सुरक्षा किस स्तर पर की जा रही है। सुरक्षार्थ क्या-क्या आधुनिक उपकरण लगाये गये हैं साथ ही सुरक्षाकर्मियों की तैनाती से लेकर अन्य आवश्यक बिन्दुओं का अवलोकन करने कांग्रेस के जनप्रतिनिधिगण स्ट्रांग रूम पहुंचे। स्ट्रांग रूम पहुंचने के पश्चात कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने सुरक्षा का जायजा लिया। दिनांक 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान उपरांत जनता के मत ईवीएम में बंद है। शासकीय स्वशासी पीजी कॉलेज में ईवीएम विधानसभावार रखी गई है। कांग्रेस के जनप्रतिनिधिगण पीजी कॉलेज पहुंचे जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत कांग्रेस के पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईवीएम की सुरक्षा का जायजा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी व कांग्रेस नेता रिंकू नैय्यर अधिवक्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा लिया गया। पांढुर्ना एवं छिन्दवाड़ा जिले के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम मशीनों को विधानसभावार रखा गया है। सुरक्षार्थ तैनात पुलिसकर्मी शिफ्ट में ईवीएम की निगरानी कर रहे हैं या नहीं इसका भी निरीक्षण कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया है।

## 141 वाहनो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर वसूले 49 हजार 8 सौ

**छिंदवाड़ा।** यातायात पुलिस की मुहिम लगातार जारी है, जिसका असर अब सड़को पर हेलमेट पहने लोगों को देखकर समझ आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्ग दर्शन, दिशा निर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे यातायात के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक राकेश तिवारी थाना प्रभारी थाना यातायात द्वारा शुक्रवार को, छिंदवाड़ा यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहों पर विशेष यातायात जांच अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। इस अभियान के दौरानः- हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 107 समन शुल्क 32100 रूपये, सीट बेल्ट न बांधने वाले चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 19 समन शुल्क 9500 रूपये, वाहन चालक द्वारा दस्तावेज पेश न करने पर प्रक. 06 राशि 3000/-, चालक द्वारा बगल मे सवारी बैठालने वालो के विरूद्ध प्रकरण 01 राशि 500 /-, खतरनाक ढंग से वाहन खडा करने वाले चालक के विरूध्द प्रकरण 05 राशि 2500/-, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात करने वाले चालको के विरूध्द प्रकरण 02 राशि 2000/-, पात्रता से अधिक सवारी बैठाने वाले चालक के विरूद्ध प्रकरण 01 राशि 200 रूपये वसूल की गई। इस प्रकार दो पहिया व चार पहिया वाहन चालको के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर 141 वाहनो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 49800/- रूपये समन शुल्क राशि वसूल की गई। यातायात पुलिस का मूल उद्देश्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना नही है बल्कि वाहन चालको मे यातायात नियमों का महत्व एवं स्वप्रेरणा से नियम पालन करने हेतु जागरूक किया गया है। यातायात पुलिस की जन सामान्य से विनम्र अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पर सुरक्षित रहें । यातायात पुलिस ने यह भी घोषणा की है कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सके ।

# कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने किया तामिया क्षेत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण





**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह शुक्रवार को जिले के विकासखंड तामिया पहुंचे और विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा भी की और उन्हें रूटीन कार्यों के अलावा अन्य नवाचार कर आर्थिक रूप से और सशक्त होने के लिए प्रोत्साहित भी किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्रीमती कविता पटवा, तहसीलदार तामिया श्री उमराज सिंह वार्ले, सीईओ जनपद पंचायत तामिया संतोष मांडलिक, एनआरएलएम के विकासखंड समन्वयक सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय अमला भी मौजूद था। कलेक्टर श्री सिंह सर्वप्रथम तामिया ग्राम पंचायत के भारियाढाना पहुंचे और यहां आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत स्वीकृत भारिया परिवारों के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया और सीईओ जनपद पंचायत को ये आवास शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही भारिया परिवारों की सुविधा के लिए आवास निर्माण के लिए थोक में कम मूल्य पर रेत एवं अन्य रॉ-मैटेरियल की उपलब्धता हेतु व्यापारियों से चर्चा कर व्यवस्था बनाने के निर्देश तहसीलदार और सीईओ जनपद तामिया को दिए हैं। तामिया ग्राम पंचायत में इस महाभियान के अंतर्गत भारिया परिवारों के लिए 93 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 30 भारियाढाना के हैं। भारियाढाना के बाद कलेक्टर श्री सिंह ग्राम डुंडीशिखर पहुंचे और यहां ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं द्वारा बनाए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस तालाब की मदद से आस-पास के लोगों को गर्मी में भी पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

## व्यवस्थाओं पर नहीं चालान काटने पर है पुलिस का पूरा जोर

**शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने की उठाई मांग**

**छिन्दवाड़ा-** प्रातः काल व सांय काल के समय को छोड़कर शहर के मुख्य चौक व चौराहों से पुलिस पूरी तरह नदारद है। दोनों समय भी पुलिस चालानी कार्रवाई के मिले लक्ष्य की प्राप्ति के लिये खड़ी रह रही है। इसका भी प्रथम उद्देश्य वाहन चालकों की जेब खाली करना है ना की व्यवस्थायें बनाना। मुख्य मार्गो से लेकर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सामने तक बेतरतीब खड़े रहने वाले वाहनों ने शहर की बिगड़ी हुई यातायात अव्यवस्था की पोल खोल दी है। उक्त उदगार आज कांग्रेस सेवादल ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किये।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रत्येक वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्रवाई होनी चाहिये, किन्तु पुलिस मुख्यालय से प्राप्त हुये लक्ष्य की प्रतिपूर्ति के लिये केवल चालानी कार्रवाई करना न्यायोचित नहीं है। सुबह के समय लोग कार्यालय जाते हैं और शाम के समय काम कर लौटते हैं इस दौरान पुलिस केवल चालान कटाने के लिये खड़ी रहती है। चालानी कार्रवाई के बावजूद शहर में ट्रैफिक की स्थिति जस की तस है। इससे यह साबित होता है कि पुलिस का व्यवस्था बनाने पर नहीं बल्कि चालान काटने पर अत्याधिक जोर है। शहर में वाहनों के सुगम आवागमन के भी इंतजाम किये जाने चाहिये। सड़क पर खड़े वाहनों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सामने बेतरतीब खड़े वाहनों की वजह से बार-बार लगने वाले जाम से आमजन को छुटकारा दिलाने के पुख्ता इंतजाम किये जाने चाहिये तभी सुव्यवस्थित यातायात की परिकल्पना की जा सकती है। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने पुलिस अधीक्षक से सुधार की मांग करते हुये कहा कि आये दिन शहर में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। पुलिस चौराहों पर व्यवस्था बनाते हुये नजर नहीं आ रही है। बाजार में रोड पर वाहन पार्किंग की जा रही जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसकी वजह से वाहन चालकों को बार-बार जाम का सामना करना पड़ रहा है।

**परासिया रोड के बिगड़े हालात**

सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा कि परासिया रोड पर दोनों ओर वाहनों की कतार लगी रहती है इसके कारण बार-बार जाम लग रहे। पुलिस व्यवस्था बनाने में विफल साबित हो रही है। वहीं दूसरी ओर व्यवस्थायें बनाने की बजाये पुलिसकर्मी चालान काटने में व्यस्त है इससे सुधार नजर नहीं आ रहा। कांग्रेस सेवादल ने जिला पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि अविलम्ब ट्रैफिक व्यवस्थित की जावे ताकि नगर में आवागमन सुगम बना रहे।



**त्वरित टिप्पणी**

**गोपाल कृष्ण छिब्बर**

## अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलनी चाहिए ?

दिल्ली के गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को ही चुनौती दी हुई है जिसको दिल्ली हाईकोर्ट ने उचित दर्शाया था जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

3 मई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के समय ने कहा कि चुनाव के समय क्यों न अंतरिम जमानत दी जाए इस पर 7 मई को सभी पक्षों को सुना जाएगा।

प्रश्न यह है कि अरविंद केजरीवाल ने केवल अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है और अभी तक जमानत की कोई याचिका किसी भी अदालत में नही दायर की है ना ही पीठ के समक्ष कोई आवेदन है लेकिन सुप्रीम कोर्ट को सभी शक्तियां है।

पूर्व का इतिहास को देखा जाए तो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जो आरजेडी के प्रमुख लालू प्रसाद यादव इस तरह के प्रयास कर चुके है परंतु चुनावों के समय अंतरिम राहत नहीं मिल सकी थी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी राहत नहीं मिली है ऐसे कई उम्मीदवार होते हैं जो जेल से चुनाव लड़ते हैं क्या उन्हे भी अंतरिम जमानत का लाभ मिलेगा यह भी निर्धारित हो जायेगा यदि अंतरिम जमानत अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से चुनावों के दौरान मिलती है।

यह भी विचारणीय विषय है अनेक अपराधी, माफिया जेलों मे बंद है उन्हे भी चुनावों में भाग लेने बहाने अंतरिम राहत का रास्ता मिल सकेगा। हालांकि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री है अभी उनके द्वारा त्यागपत्र नहीं है जैल से सरकार चलाना चाहते हैं। क्या यह भी संभव है वह भी चिन्तन का विषय है। सुप्रीम कोर्ट कानून की व्याख्या ओर विवेचना पर विधिसम्मत फैसला करेगा की इसका भविष्य क्या प्रभाव होगा। यह भी उल्लेखनीय है कि अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह मुद्दा नहीं उठाया की उन्हें मुख्यमंत्री पद पर रहते जो गिरफ्तार किया है वह विधिसम्मत नहीं है यह मुद्दा उठाते तो याचिका को संविधान पीठ को जाती जिसमे समय लगेगा और उनके पक्ष में निर्णय आने की संभावना कम ही थी। सुप्रीम कोर्ट अंतरिम जमानत पर सुनवाई तो 7 मई को कर रही है परंतु यह निश्चित नहीं है की केजरीवाल को अंतरिम राहत मिल ही जाएगी लेकिन किस दशा में किस आधार पर अंतरिम राहत सुप्रीम कोर्ट कितनी राहत दे सकती है उस पर सुनवाई का अवसर तो दिया जा सकता है। सविधान ने अधिकार दिए हैं तो कर्तव्य भी है नैतिकता भी है आदर्श भी स्थापित करना है इसलिए अरविंद केजरीवाल की यह याचिका नयाविधि का सिद्धांत स्थापित करेगी।



## व्यापारियों की बैठक में शामिल हुए सीएम

आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्वालियर के इंपीरियल गोल्फ रिसॉर्ट में आयोजित व्यापारियों की बैठक में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, पार्टी पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



नगर निगम फायर कार्यालय में पुरानी विधानसभा के सामने कंट्रोल रूम में फायर कंट्रोल रूम कार्यालय में राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बाल जिला इकाइयों में जो पदस्थ हैं कर्मचारी उनकी ट्रेनिंग फायर अग्निशमन एवं बचाव कर से संबंधित आठ दिवस की ट्रेनिंग का आयोजन यहां पर हो रहा है और यह सभी जो सैनिक है वह यहां पर आग बुझाने एवं बचाव कार्य से संबंधित ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं।

# ऐसा क्या हुआ कि सीएम मोहन यादव ने पटवारी से मंच से मांग लिया इस्तीफा

**मुरैना।** लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुरैना पहुंचे थे। यहां उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर निशाना साधा। सीएम मोहन ने कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस का चरित्र है। साथ ही उन्होंने पूछा कि 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' की बात करने वाली प्रियंका गांधी कहां है?

लोकसभा चुनाव को लेकर सीएम मोहन का धुआंधार दौरा जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने मुरैना में बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री इमरती देवी पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर हमला बोला हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह सुनकर दुख होता है कि कांग्रेस के नेता महिलाओं के बारे में कैसे बात करते हैं। ये उनके लिए डूब मरने के बराबर है।

उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि अब, प्रियंका गांधी कहां हैं जो लड़की हूं, लड़ सकती हूं की बात करती हैं ? उन्हें अपने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से इमरती देवी पर उनके बयान के बारे में पूछना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस का चरित्र है। इनके बड़े नेता भी कमलनाथ महिलाओं को आइटम बताते है, दिग्विजय सिंह टंच माल बताते है। ये कांग्रेस के नेताओं की भाषा, जैसे दृष्टि वैसी सृष्टि है। जीतू पटवारी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और कांग्रेस को कार्रवाई करनी चाहिए। मैं उनके बयान और व्यवहार की निंदा करता हूं।



**जीतू पटवारी ने माफी भी मांगी थी–** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री इमरती देवी के कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में वायरल हो रहे ऑडियो पर कहा था कि 'देखो ऐसा है, अब इमरती जी का रस खत्म हो गया है, जो अंदर चाशनी होती है, उनके लिए अब मैं कुछ बात नहीं' कर रहा। वहीं विवाद बढ़ने के बाद जीतू पटवारी ने माफी मांग ली थी। वहीं इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार हमलावर है।

## भाजपा ने निर्वाचन आयोग में की अध्यक्ष जीतू पटवारी की शिकायत, पटवारी के चुनाव प्रचार पर तत्काल रोक लगाए आयोग

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत निर्वाचन आयोग में मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की पूर्व मंत्री व भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती इमरती देवी के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर शिकायत की है। शिकायत के साथ ही जीतू पटवारी का वीडियो भी निर्वाचन आयोग को सौंपा है।



भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में सौंपे ज्ञापन में कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भाजपा की महिला नेत्री श्रीमती इमरती देवी को लेकर दिया गया बयान ओछी मानसिकता को दर्शाता है। दलितों व खासकर महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस पार्टी की रीति बन गई है। गैंगरेप के एक मामले में पीड़ित बालिका के परिवार की फोटो जीतू पटवारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर न्यायालय की अवहेलना कर चुके हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लेकर भी जीतू पटवारी अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं।

अतः भारतीय जनता पार्टी निर्वाचन आयोग से मांग करती है कि जीतू पटवारी के चुनाव प्रचार पर निर्वाचन आयोग तत्काल रोक लगाए, ताकि पटवारी के अनर्गल बयानों पर रोक लग सके और समाज के विभिन्न वर्गों में वैमनस्यता उत्पन्न होने से भी रोका जा सके।

शिकायत करने वाले प्रतिनिधिमंडल में महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, चुनाव आयोग समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एस.एस. उप्पल एवं प्रदेश मीडिया पेनालिस्ट एडव्होकेट श्रीमती गुंजन चौकसे शामिल रहीं।

# लोकतंत्र और संविधान बचाना है तो कांग्रेस को चुनें: अरुण श्रीवास्तव





**भोपाल।** शिवाजी नगर शिवानी काम्प्लेक्स में आयोजित सामाजिक मिलन समारोह में भोपाल लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने मतदाताओं का आह्वान किया है कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस को चुनें। यह संक्रमण काल है, यदि इस बार चूक गए तो आपको फिर पछताना ही पड़ेगा।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि देश में यह चुनाव ऐसे समय में हो रहा है, जब हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। लोकतंत्र विरोधी ताकतों के हाथों में सत्ता है। ये लोग लोकतंत्र को कुचलने में लगे हुए हैं। संविधान को खत्म करना चाहते हैं। ये लोग ईडी, सीबीआई, आयकर जैसे विभागों और एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। चुनाव के समय विपक्ष के लोगों को जबरन जेल भेजा जा रहा है। इन लोगों ने धार्मिक मुद्दों पर चुनाव लड़ा, आज भी ये जनता को मूल मुद्दों से भटकाने में लगे हुए हैं। महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर इनकी कोई उपलब्धि नहीं है। जहां तक भोपाल की बात है, यहां पिछले तीन दशकों से हमें ऐसा सांसद नहीं मिला, जिसने शहर के लिए कुछ किया हो। हम चुनौती देते हैं भाजपा को कि वो पिछले सांसदों की उपलब्धियों को सार्वजनिक करे। ये लोग सिर्फ चंदाखोरी, अड़ीबाजी, भ्रष्टाचार में लगे रहते हैं, जनता से इनका कोई सरोकार नहीं। इस बार हमें नया इतिहास लिखना है।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र गुप्ता, अर्चना श्रीवास्तव, रीना सक्सेना, एसपी सिंह, ज्योति खरे, संजीव श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, चित्रांश दीप, राजेंद्र श्रीवास्तव, नाज अंसारी, प्रदीप जैन, दीपक तिवारी, दिलीप सेन, भारती जैन, परमिंदर कौर, प्रकाश कुमार, उदय श्रीवास्तव के साथ ही अनेक कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और कायस्थ संगठनों के लोग मौजूद रहे। अंत में संजय सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।

### पुराने भोपाल के सोमवारा, चौक, लखेरापुरा इलाके में किया जनसंपर्क

कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव द्वारा लगातार भोपाल सीहोर बेरसिया के क्षेत्र में धुआंधार प्रचार अभियान के दौरान मतदाताओं से जन समर्थन लेने का सिलसिला तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस के प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव को अपने चुनाव प्रचार के दौरान जिस क्षेत्र में पहुंच रहे हैं वहां आम नागरिक उन्हें अपना समर्थन देने भारी तादाद में इकट्ठा हो रहे हैं। अनेक जगह महिलाएं बच्चे और युवक युवतियां उनका स्वागत कर रहे हैं आज शनिवार की सुबह 11ः00 बजे से अरुण श्रीवास्तव ने पुराने भोपाल के इलाकों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से भोपाल क्षेत्र की विकास के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की श्रीवास्तव सबसे पहले भवानी चौक सोमवारा पहुंचे, यहां मंदिर में जाकर देवीजी के दर्शन किए और विजय का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद वे लखेरापुरा, चौक पहुंचे और यहां आम मतदाताओं और व्यापारी बंधुओं से समर्थन की अपील की। इसके उपरांत श्री श्रीवास्तव ने आजाद मार्केट, विद्यासागर मार्ग, गणेश मार्केट, घोड़ा नक्कास में जनसंपर्क करते हुए व्यापारियों और मतदाताओं से बोट की अपील की श्री श्रीवास्तव ने शुक्रवार की रात को अरेरा कॉलोनी के इलाके 10 नंबर 11 नंबर और 12 नंबर क्षेत्र में रोड शो और जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा इस दौरान जहां इस इलाके के निवासियों से संपर्क साधा तो वहीं व्यापारियों से भी मुलाकात कर कांग्रेस को वोट देने की अपील की । 12 नंबर की मल्टी में और उसके आसपास के लोग बड़ी तादाद में इकट्ठा होकर अरुण श्रीवास्तव को अपना समर्थन व्यक्त किया।

# लाड़ली बहना योजना: लाड़ली बहनों को आज मिलेगा मिलेगा तोहफा, खाते में आएंगे 1250 रुपए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 1.29 करोड़ लाभार्थी बहनों के लिए खुशखबरी है। आज शनिवार ( 04.05.24 ) को योजना की 12वीं किस्त जारी की जाएगी। इसके तहत फिर बहनों के खाते में 1हजार 2 सौ 50 रुपए आएंगे। बता दे कि 7 मई को मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव की वोटिंग होना है और 5 को रविवार है, इसके चलते राज्य सरकार ने बहनों को 4 मई को किस्त देने का फैसला किया है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब किस्त समय से पहले जारी हो रही है। इससे पहले मार्च-अप्रैल में भी किस्त जल्दी जारी की गई थी।

**मई 2023 में शुरू की गई थी लाड़ली बहना योजना–** लाड़ली बहना योजना पिछली शिवराज सिंह चौहान सरकार द्वारा मई 2023 में शुरू की गई थी। इसमें 21 से 60 वर्ष की विवाहित महिलाओं को 1000 रुपए देने का फैसला किया गया था और फिर इसकी पहली किस्त 10 जून को जारी की गई थी।इसके बाद रक्षाबंधन 2023 पर राशि को बढ़ाकर 1250 रुपए कर दिया गया था। अब इस योजना के तहत 1250 रुपए महीना के हिसाब से महिलाओं को सालाना 15 हजार 000 रुपए मिलते हैं। इस योजना में 1 जनवरी 1963 के बाद लेकिन 1 जनवरी 2000 तक जन्मी मध्य प्रदेश की स्थानीय निवासी समस्त विवाहित महिलाएं ( विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता समेत ) वर्ष 2023 में आवेदन के लिए पात्र मानी जाती है। महिलाएं, खुद या उनके परिवार में कोई टैक्सपेयर नहीं होना चाहिए ।परिवार की सालाना आय 2.5 लाख रुपये होना चाहिए।




**लोकतंत्र सेनानी संघ का आव्हान**

**मतदान करें, देश का भविष्य गढ़ें...**

आज हम समस्त भारतवासी लोकसभा चुनाव की चहल-पहल से गुजर रहे हैं. इस संबंध में पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री और वर्तमान में मध्य प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह जी तोमर ने कुछ समय पहले कहा था- "यह चुनाव जहाँ एक ओर देश का भविष्य तय करेंगे, वहीं दूसरी ओर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को मजबूती प्रदान करेंगे." उनका यह कथन वस्तुतः आज भी प्रासंगिक है. आज चल रहे चुनावी विचार मंथन से उत्साहित होकर लगता है देश का जनगण पुनः पुनः दृणसंकल्पित हो रहा है और एक शक्ति सामर्थ्य संपन्न भविष्य गढ़ने को तत्पर है.

विगत 10 वर्षों में हमारे देश के वर्तमान लोकनायक - श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकास एवं उन्नयन को असाधारण गति प्रदान की है. इन जनसेवकों ने लोककल्याण की दिशा में नव नव नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों को जनजीवन में उतारने का भरसक प्रयास किया है, और अपने छोटे-बड़ों सबका ही साथ और विश्वास लेकर लोकतंत्र की जड़ों को सुदृढ़ एवं पुष्ट किया है. और इसलिए भी क्योंकि इससे पहले तत्कालीन सत्ताधारियों ने 1975-77 के दौरान देश पर आपातकाल थोपकर, उसे पारतंत्र्य की बेड़ियों में जकड़ दिया था. उस समय की सरकार ने एक प्रकार से समूचे देश को ही वृहद् जेलखाने में बदल दिया था.तब 1,10,806 से कहीं अधिक लोकतंत्र समर्थकों को इस तानाशाही का विरोध करने पर कारागृही जीवन भोगना पड़ा था और तमाम यातनाओं के शिकार हुए थे.आज वे यातनाभोगी लोकतंत्र सेनानी आपातकाल के अनुयायियों को धूल चटाने के लिये वचनबद्ध हैं.देश में लोकतंत्र का कोई विकल्प नहीं हो सकता.

वर्तमान काल देश के पुनरोदय का काल है. इस संक्षिप्त-सी दस वर्षीय अवधि के पीछे जनता जनार्दन की अजेय शक्ति ही है. उसने अनेक दृष्टियों से हमारे इतिहास में अनेक स्वर्णिम पृष्ठ जोड़े हैं. इनमें ही सम्मिलित कर भारतीय संविधान में 1954 में थोपी गई धारा 370, आज वह निरस्त हो चुकी है. उससे जम्मू-कश्मीर में "दो निशान-दो विधान-दो प्रधान" की अलगाववादी नीतियां भी समाप्त हो गई हैं और यूं भारत माता का मुकुट जम्मू-कश्मीर सही अर्थों में राष्ट्र जीवन से अभिन्न हो गया है. आज पश्चिम बंगाल में भी विदेशी घुसपैठियों की मदद से अलगाववादी षड्यंत्र चल रहे हैं, इसलिए भी देश की राष्ट्रवादी शक्तियां नेस्तनाबूद करने के लिए दृढसंकल्पित हैं. जनगण के मतदान की शक्ति से पृथक्करण की व्याधि भी समाप्त होगी.

विगत वर्षों में भ्रष्टाचारियों, संगीन अपराधियों को जिस प्रकार नियंत्रित दंडित किया उससे न्याय का पक्ष मजबूत होगा और यूं आमजन को बड़ी राहत मिलेगी.

कोरोनाकाल में भी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जिस चिंता एवं समर्पण भाव से सहस्रों-सहस्रों व्यथितों- पीड़ितों की सेवा की, उससे देश ही नहीं विदेशों में भी भारत का सेवाभाव गौरवान्वित हुआ है. वर्तमान केंद्र सरकार, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत, अभाव-ग्रस्त नागरिकों को, गंभीर बीमारियों के मुफ्त इलाज के लिए प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए की सुविधा उपलब्ध करा रही है। यह सहायता, देश के 70 वर्ष से अधिक समस्त वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी संकल्पित है। इससे देश के वृद्धजन सहज लाभान्वित हो सकेंगे।

2014 से 2024 का काल देश की बहुआयामी प्रगति का काल है. उसका यह प्रगति रथ निर्बाध गतिशील रहे, इसके लिए जन-जन को एक सजग स्वदेश प्रेमी और राष्ट्र सापेक्ष मतदाता की भूमिका में सक्रिय रहने की आवश्यकता है. तभी देश विश्व का सिरमौर बनेगा और विश्व को "वसुधैव कुटुम्बकम" का लोकमंगलकारी संदेश देगा.

वर्तमान परिवेश में देशहित को सर्वोपरि रखते हुए हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को वोट करना है, भारत को विश्व गुरु बनाने के लिये वोट करना है, देश के विकास के लिये वोट करना है, लोकतंत्र की रक्षा के लिये वोट करना है. भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित करना है.देश के लोकतंत्र सेनानी इस यज्ञ में मन, प्राणों से समर्पित हैं.यही भूमिका प्रत्येक भारतीय की हो, यही कामना है, यही अनुरोध है, यही प्रार्थना है.

:: निवेदक ::



संतोष शर्मा — राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष | मदन बाथम — राष्ट्रीय सचिव | राजेन्द्र गेहलोत — राष्ट्रीय महामंत्री | सच्चिदानंद उपासने — राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | कैलाश सोनी — राष्ट्रीय अध्यक्ष

**राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण :** देवराज बोहरा (जोधपुर-राजस्थान), गोविंद भारद्वाज (महेन्द्रगढ़-हरियाणा), रविश्वास खेतीकर (नागपुर-महाराष्ट्र), ओपी बब्बर (नई दिल्ली)
**राष्ट्रीय सचिव :** कोमल छेड़ा (मुंबई, महाराष्ट्र), एम कांडा कुमार (चेन्नई, तमिलनाडु), सूर्यमणि सिंह (रांची, झारखंड), अनुपमा लिमये (पुणे, महाराष्ट्र)
**राष्ट्रीय संयुक्त सचिव :** अशोक कुमार यादव (तेलंगाना व आंध्रप्रदेश हैदराबाद), रमेश अरोड़ा (जम्मू), रणजीत मजूमदार (प.बंगाल - कलकत्ता), जगदेव सिंह (हिमाचल - कुल्लू), डॉ लोलाक्ष उपाध्याय (उत्तरप्रदेश - भदोही), राधेश्याम पाठक (बिहार - पटना), अघोरी निरंजन प्रसाद (बिहार - गया), अजय अवस्थी (नई दिल्ली) (कार्यालय सचिव)
**प्रदेशाध्यक्षगण :** तपन भौमिक (मध्यप्रदेश), सांसद अशोक बाजपेयी (उत्तर प्रदेश), राजन ढींगरा (दिल्ली), गणपतलाल शर्मा (राजस्थान), दिवाकर तिवारी (छत्तीसगढ़), पूर्व विधायक गंगा प्रसाद सिंह (बिहार), आर आर दीक्षित (महाराष्ट्र), श्रीधर दास (उड़ीसा), महावीर भारद्वाज (हरियाणा), सत्यमूर्ति कामाराजू (आंध्र प्र.), के पी मणीलाल (केरल), जी ओमशक्ति बाबू (तमिलनाडु), विजय सिंह (हि.प्र.), गिरीश कंडपाल (उत्तराखंड), मोहन चिटनेकर व सुरेन्द्र द्विवेदी (मध्यप्रदेश)


# छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में रिटायर्ड आईएएस समेत कई की 205 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने राज्य में कथित शराब घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर मेयर के बड़े भाई और कुछ अन्य लोगों की 205 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की। टुटेजा को इस मामले में हाल ही में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

ईडी ने कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में टुटेजा की 15.82 करोड़ रुपये की 14 संपत्तियां, रायपुर के मेयर और कांग्रेस नेता एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ रुपये की 115 संपत्तियां, विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू की 1.54 करोड़ रुपये की संपत्तियां शामिल हैं। अरविंद सिंह से जुड़ी 12.99 करोड़ रुपये की 33 संपत्तियां हैं।

**इन लोगों की संपत्ति भी हुई कुर्क–** इसके अलावा भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के अधिकारी और उत्पाद विभाग के विशेष सचिव अरुण पति त्रिपाठी की 1.35 करोड़ रुपये की संपत्ति, त्रिलोक सिंह ढिल्लन की 28.13 करोड़ रुपये की नौ संपत्तियां, नवीन केडिया की 27.96 करोड़ रुपये के आभूषण और चल संपत्तियां हैं। आशीष सौरभ केडिया/दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के 1.2 करोड़ रुपये लिमिटेड को कुर्क कर लिया गया।

ईडी ने कहा कि अनवर ढेबर की कुर्क की गई संपत्तियों में होटल वेनिंगटन कोर्ट, रायपुर शामिल है जो उनकी फर्म ए ढेबर बिल्डकॉन के तत्वावधान में चलाया जा रहा है और एकॉर्ड बिजनेस टावर के नाम से एक कमर्शियल बिल्डिंग है। कुर्क की गई संपत्ति की कुल कीमत 205.49 करोड़ है। टुटेजा को इस मामले में हाल ही में ईडी ने गिरफ्तार किया था। आरोप लगाया गया था कि शराब की अवैध बिक्री के माध्यम से मिले कमीशन को राज्य के सर्वोच्च राजनीतिक अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार साझा किया गया था।